मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024

**मौसम**

तापमान 33 – 25
आर्द्रता 78%
सूर्योदय: 5:36 सूर्यास्त: 17:06

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : भावनाओं को समझनेवाला अनपढ़ दुनिया का सबसे पढ़ा आदमी होता है।



भारत का बहुत खास मित्र है भूटान : प्रधानमंत्री मोदी

-पृष्ठ 7




JAISWAL INDUSTRIAL PARK PHASE I & II

COMPLETE COMMERCIAL PLOTS AVAILABLE WITH FILLING AND BOUNDARY

JUST 3 MINS FROM DANKUNI HOUSING

CALL: 7003982830 email: udgeethdevelopers@gmail.com

DIVYANSH JAISWAL


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल में 17 दिन बाद डॉक्टरों का 'आमरण अनशन' खत्म, मगर जारी रहेगा आंदोलन

## ममता के साथ बैठक के बाद आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने की घोषणा



- आंदोलनरत डॉक्टरों का दावा, पीड़िता के माता-पिता के अनुरोध पर खत्म किया अनशन
- ममता ने डॉक्टरों की अधिकांश मांगों को पूरा करने का दिया भरोसा
- शनिवार को आरजीकर अस्पताल में जनसम्मेलन की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के बाद जूनियरों डॉक्टरों ने सोमवार रात 17 दिनों से जारी अपना आमरण अनशन खत्म कर दिया। हालांकि, उन्होंने आंदोलन जारी रखने की घोषणा की है। उनकी ओर से शनिवार को आरजीकर अस्पताल में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जूनियरों डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने दरिंदगी की शिकार महिला डॉक्टर के माता-पिता के अनुरोध पर आमरण अनशन खत्म किया है। जूनियर डॉक्टर मंगलवार से पूर्ण हड़ताल पर भी नहीं जाएंगे, जिसकी उन्होंने चेतावनी दी थी।

**45 मिनट की जगह 2 घंटे चली बैठक, बैठक का सीधे प्रसारण हुआ**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार शाम उनके 17 सदस्यीय प्रतिनिधिदल के साथ राज्य सचिवालय नवान्न में बैठक की थी। दो घंटे चली बैठक का पहली बार सीधा प्रसारण किया गया। बैठक मे मुख्यमंत्री व जूनियर डॉक्टरों के अलावा राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम, सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के प्रिंसिपल एवं पांच मेडिकल कॉलेजों के मेडिकल सुपरिटेंडेंट एवं वाइस प्रिंसिपल (एमएसवीपी) मौजूद रहे।

**ममता के सामने रखीं गई 10 सूत्रीय मांगें**

जूनियर डॉक्टरों ने सीधे मुख्यमंत्री के सामने मृतका के परिवार को न्याय दिलाने, सरकारी अस्पतालों की आधारभूत संरचना उन्नत करने, वहां सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने समेत अपनी 10-सूत्री मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने उनकी अधिकांश मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया, हालांकि स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को फिर नकार दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव का बचाव करते हुए कहा कि वे अभी दोषी साबित नहीं हुए हैं। ममता ने आगे कहा कि अस्पतालों में जनसंसाधन की कमी को वह भी समझती हैं लेकिन ओबीसी कोटे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के कारण सरकार नियुक्तियां नहीं कर पा रही हैं।

**सीएम-डॉक्टरों के बीच बहस**

स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने की मांग को लेकर ममता बनर्जी ने कहा कि बिना ठोस सबूत के उन्हें डराने-धमकाने की संस्कृति का समर्थक कहना गलत है। आप बिना ठोस सबूत के किसी व्यक्ति को आरोपी नहीं कह सकते। पहले आपको सबूत देने होंगे, उसके बाद ही आप किसी व्यक्ति को आरोपी कह सकते हैं। इस पर आंदोलनकारी डॉक्टर ने जवाब दिया कि कानून के मुताबिक, किसी व्यक्ति को तब तक आरोपी कहा जा सकता है, जब तक कि वह दोषी साबित न हो जाए।

**कुछ प्रिंसिपल व एमएसवीपी काम करने के बजाय राजनीति कर रहे : ममता**

ममता ने आरोप लगाया कि कुछ मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपल व एमएसवीपी ठीक तरीके से अपना काम करने के बजाय राजनीति कर रहे हैं। उन्हें याद रखना चाहिए कि सरकारी कर्मी एक कुर्सी पर हमेशा बैठे नहीं रह सकते। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सूचित किए बिना आरजी कर अस्पताल में 47 मेडिकल छात्रों को हटाए जाने पर भी नाराजगी जताई।

## भारत 'हल्के-फुल्के' रिश्तों में यकीन नहीं करता: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत 'हल्के-फुल्के' रिश्तों में यकीन नहीं करता और दुनिया भी इस बात को समझ रही है कि देश के संबंधों की बुनियाद विश्वास तथा विश्वसनीयता के आधार पर होती है। उन्होंने एनडीटीवी विश्व सम्मेलन में यह टिप्पणी कनाडा के साथ भारत के संबंधों में आई कड़वाहट के बीच की है। भारत ने हाल ही में उच्चायुक्त समेत अपने छह राजनयिकों को वापस बुला लिया है और कनाडा के कई राजदूतों को निष्कासित कर दिया है। मोदी ने अपने संबोधन में कनाडा से जुड़ी घटनाओं का कोई सीधा जिक्र नहीं किया। कट्टरपंथी खालिस्तानी कार्यकर्ता और कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत का हाथ होने के कनाडा के आरोपों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में हाल के दिनों में कड़वाहट आई है। भारत ने आरोपों से इनकार किया है और जोर देकर कहा है कि कनाडा अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत देने में असमर्थ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''भारत टेकन फॉर ग्रांटेड (हल्के-फुल्के) रिश्ते नहीं बनाता...हमारे रिश्तों की बुनियाद- विश्वास और विश्वसनीयता के आधार पर है। और ये बात दुनिया भी समझ रही है। भारत एक ऐसा देश है जिसकी प्रगति दुनिया में खुशहाली लाती है।''

# भारत, चीन पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त से जुड़े समझौते पर सहमत हुए

## 2020 की स्थिति होगी बहाल





**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में इस हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे, जैसे वे सीमा पर टकराव शुरू होने से पहले करते थे और चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। मोदी और चिनफिंग के रूस के काजान शहर में बिक्स शिखर सम्मेलन के इतर मंगलवार या बुधवार को द्विपक्षीय मुलाकात करने की संभावना है। समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक में गश्त की शुरुआत करेगा, क्योंकि दोनों इलाकों में कई मुद्दों को लेकर गतिरोध बरकरार था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे भीषण सैन्य झड़प थी। पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्ष टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हट गए थे। हालांकि, बातचीत में देपसांग और डेमचोक में गतिरोध दूर नहीं किया जा सका। मिस्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''भारत और चीन के राजनयिक एवं सैन्य वार्ताकार पिछले कई हफ्तों से विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के करीबी संपर्क में रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप, भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए गतिरोध का समाधान और सैनिकों की वापसी संभव हो सकेगी।''

# बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से दक्षिण बंगाल में भारी बारिश होने का अनुमान : मौसम विभाग

**कोलकाता :** पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना है जिसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होकर 24 अक्टूबर की रात को पुरी और सागर द्वीपों के बीच ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर पहुंचने का अनुमान है, तथा इस दौरान हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को दी। विभाग ने कहा कि इस तूफान के कारण 23 से 25 अक्टूबर तक दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि निम्न दबाव प्रणाली 22 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर और तीव्र हो सकती है और फिर अगले दिन चक्रवाती तूफान में बदल सकती है। उसने कहा कि यह 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के समय पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार कर सकता है, जिस दौरान हवा की गति 100-110 किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है, जो बढ़कर 120 किलोमीटर तक प्रतिघंटा हो सकती है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 23 से 25 अक्टूबर तक समुद्र में नहीं जाने की सलाह देते हुए चेतावनी दी है कि 23 अक्टूबर से ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर हवा की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक हवा की गति बढ़कर 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा और 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

## ओडिशा, बंगाल में एनडीआरएफ की 25 टीम तैनाती के लिए तैयार

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बंगाल की खाड़ी में आने वाले चक्रवाती तूफान के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में 14 टीम और ओडिशा में 11 टीम को तैनाती के लिए तैयार रखा है। एक सरकारी बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। तूफान के बृहस्पतिवार को पुरी और सागर द्वीप के बीच टकराने की संभावना है। आसन्न चक्रवात के असर से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए सोमवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) की बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को बताया गया कि सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के अतिरिक्त बचाव एवं राहत दलों के साथ-साथ नौकाओं और विमानों को भी तैयार रखा गया है। केंद्रीय एजेंसियों के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव भी बैठक में शामिल हुए।

## देश में 10 परमाणु रिएक्टर पर काम जारी, गुजरात में दो से बिजली उत्पादन शुरू

**नयी दिल्ली :** विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी संसद की स्थायी समिति को सोमवार को सूचित किया गया कि देश में कम से कम 10 परमाणु रिएक्टर स्थापित किए जा रहे हैं तथा गुजरात के काकरापार में दो रिएक्टरों ने व्यावसायिक रूप से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा जैसे राज्यों में स्थापित होने वाले नए परमाणु रिएक्टर 700 मेगावाट क्षमता के हैं और अगले कुछ वर्षों में काम करना शुरू कर देंगे। नए परमाणु रिएक्टरों का विवरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थायी समिति के सदस्यों को यहां एक बैठक के दौरान प्रदान किया गया। समिति के सदस्य और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि समिति के सदस्यों को बैठक के दौरान सूचित किया गया कि गुजरात में काकरापार-3 और काकरापार -4 परमाणु रिएक्टर ग्रिड के साथ पूरी तरह से जुड़ गए हैं और व्यावसायिक तौर पर बिजली पैदा कर रहे हैं।


# रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 17 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।



Dr. Santosh Kumar

**हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?**

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

**रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:**

1. यह इम्प्लांट का सही संरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर संरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।






## मदरसों के छात्र नहीं भेजे जायेंगे सरकारी स्कूल: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** योगी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। यूपी के मदरसों के छात्र सरकारी स्कूलों में नहीं भेजे जायेंगे। यही, सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों को फंडिंग भी जारी रखने का आदेश दिया है। एक महत्वपूर्ण फैसले में, भारत के सुप्रीम कोर्ट ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों से छात्रों और सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों से गैर-मुस्लिम छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के हालिया निर्देश पर रोक लगा दी। यह निर्णय जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका के जवाब में आया है, जिसमें राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के एक पत्र के बाद राज्य की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। यह विवाद तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के 26 जून के आदेश से उपजा है, जो एनसीपीसीआर के उस पत्र के बाद आया था जिसमें सरकारी वित्तपोषित मदरसों में पढ़ने वाले सभी गैर-मुस्लिम छात्रों को बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में प्रवेश देने का आह्वान किया गया था।

# दिल्ली में एक्यूआई 310 पर पहुंचा, जीआरएपी चरण दो लागू



**नयी दिल्ली :** दिल्लीवासियों ने 94 दिनों के बाद सोमवार को ''बेहद खराब'' गुणवत्ता वाली हवा में सांस ली और शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 310 पर पहुंच गया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में जीआरएपी चरण दो लागू करना पड़ा। शहर में श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के दूसरे चरण के लागू होने के साथ ही, होटलों, रेस्तरां और खुले भोजनालयों में तंदूरों में कोयले और जलाऊ लकड़ी के उपयोग के साथ-साथ डीजल जनरेटर सेट (आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जीआरएपी वायु प्रदूषण रोधी उपाय होता है, जो स्थिति की गंभीरता के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में लागू किया जाता है। यह दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता को चार अलग-अलग चरणों में वर्गीकृत करता है: चरण 1 - 'खराब' (एक्यूआई 201-300); चरण दो - 'बहुत खराब' (एक्यूआई 301-400); चरण 3 - 'गंभीर' (एक्यूआई 401-450); और चरण 4- 'गंभीर प्लस' (एक्यूआई 450 से अधिक)। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सोमवार को शाम चार बजे 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया। इस बीच, शहर के 36 निगरानी स्टेशन में से 26 रेड जोन में हैं, जहां एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। इन स्टेशन में आनंद विहार, बवाना, द्वारका, जहांगीरपुरी, मुंडका, नरेला, पटपड़गंज, रोहिणी, शादीपुर, सोनिया विहार, वजीरपुर, अलीपुर, अशोक विहार, आया नगर, बुराड़ी, मंदिर मार्ग, मुंडका और अन्य शामिल हैं।

**MOMENTUM ORTHOCARE**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.

E mail: santdr@gmail.com

www.myknemylife.org www.momentumorthocare.com

# नायब सिंह के सामने अब 'नायाब' होने की चुनौती



सुशील कुमार 'नवीन'

लाडवा (कुरुक्षेत्र) से विधायक नायब सिंह सैनी ने अपने 13 सिपहसालारों के साथ हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। मंत्रियों के विभाग आवंटन फूंक- फूंक कर किए गए है। कोशिश की गई है कि किसी तरह की नाराजगी सामने न आने पाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में यह उनका दूसरा कार्यकाल है। वे 11वें ऐसे नेता हैं जिन्हें मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। नायब सिंह से पहले मनोहर लाल भाजपा से दो बार मुख्यमंत्री का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

गुजरात के बाद हरियाणा ऐसा राज्य बना है, जहां भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने का गौरव हासिल हुआ है। वो भी ऐसी स्थिति में जहां प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने की उम्मीद पर काफी चिल्लम पौ मची हुई थी। खैर अब इस पर चर्चा करना वक्त से बेमानी है। भाजपा सत्ता में आ गई है और नायब सिंह ने टीम सहित दायित्व ग्रहण कर लिया है। जरूरत है अब जनता के द्वारा अनमोल गिफ्ट के रूप में दी गई सत्ता के संचालन का।

फिलहाल भाजपा यह कह सकती है कि प्रदेश में किसी प्रकार की एंटी इनकम्बेंसी नहीं थी। जनता ने खुलकर भाजपा का साथ दिया है। पर चुनावों में एंटी इनकम्बेंसी नहीं थी, इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। जब भी कोई पार्टी ज्यादा समय तक सत्ता में रहती है तो उससे खुश होने वाले कम और नाराजगी वाले ज्यादा होते हैं। बदलाव समय की प्रक्रिया है। प्रदेश में भाजपा का यह तीसरा काल है। लोकसभा चुनाव में सत्ता विरोधी लहर का कांग्रेस का पूरा फायदा मिला था, पर विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने कुशल प्रबंधन से फिर से सत्ता में लौट आई। अब समय जो एंटी इनकम्बेंसी चुनावों के दौरान दिखाई दी थी, उसे अब पॉजिटिविटी में बदलना है।

चुनावों के समय भाजपा का खुले रूप में सबसे ज्यादा विरोध करने वाला वर्ग कर्मचारियों का हैं। प्रदेश में करीबन पौने तीन लाख सेवारत कर्मचारी हैं। इसमें यदि डेढ़ लाख पेंशनर और मिला दिए जाएं तो संख्या पांच लाख पार हो जाती है। कर्मचारी वर्ग विशेषकर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाता रहा है। लोक सभा चुनाव में भी कर्मचारी संगठनों ने इसे खूब भुनाया। विधानसभा चुनाव में भी कर्मचारी वर्ग भाजपा से नाखुश दिखा। लोहारू, आदमपुर, रोहतक जैसी सीट बहुत कम अंतर से रही है। इनमें भी कर्मचारी वर्ग का बड़ा रोल है। बैलेट पेपर में भी भाजपा की मत प्रतिशतता पचास फीसदी ही रही है। इस वर्ग को भी अपने साथ जोड़ना आने वाले समय के लिए नायब सरकार के लिए जरूरी है।

2020-2021 में दिल्ली की सीमाओं पर चले किसान आंदोलन का असर भी इस चुनाव में खूब दिखा। उस दौरान किसानों पर लाठीचार्ज, मुकदमे और आंदोलनकारी किसानों की मौत से एक बड़ा वर्ग सत्ताधारी भाजपा से नाराज दिखा। इसका असर लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा 5 सीटों पर सिमटकर रह गई। किसान आंदोलन का असर हरियाणा के कई विधानसभा सीटों पर देखने को मिला। भाजपा नेताओं को किसान वर्ग के गुस्से का भी शिकार होना पड़ा। किसानों को भी अपने साथ जोड़ने के लिए नायब सरकार को सकारात्मक होना पड़ेगा।

चुनाव में बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा था है। कांग्रेस के संकल्प पत्र में पार्टी ने सरकार बनने पर 2 लाख पक्की नौकरी का वायदा किया था। वहीं भाजपा ने भी दो लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी और पांच लाख युवाओं को अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड देने की घोषणा की हुई है। कांग्रेस नेताओं के पर्ची खर्ची बयानों पर भाजपा बिना पर्ची बिना खर्ची का नारा देकर युवा गर्ग को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रही है। शपथ से पूर्व 24 हजार पदों का रिजल्ट निकालकर नायब सरकार ने जबरदस्त सिक्सर मारा है। युवा वर्ग में योग्यता पर नौकरी के विश्वास को नायब सरकार को बनाए रखना होगा।

नायब सरकार से पूर्व दो बार की मनोहर सरकार के समय कुछ बड़े घटनाक्रमों ने पूरे हरियाणा को हिलाया था। नवंबर 2014 में संत रामपाल गिरफ्तारी प्रकरण, फरवरी 2014 में जाट आंदोलन प्रकरण, अगस्त 2017 में डेरामुखी की गिरफ्तारी से उपजी हिंसा और जुलाई 2023 में नूंह हिंसा और तोड़फोड़ की बड़ी घटनाएं कभी भूली जाने वाली नहीं है। ये तो मनोहर लाल की पार्टी कैडर में अच्छी मजबूती रही, अन्यथा इस तरह की एक ही घटना मुख्यमंत्री बदलवा देती। इस तरह को कोई घटना क्रिएट न हो, इसके लिए प्रशासनिक मजबूती पर विशेष ध्यान रखना होगा। क्योंकि सरकार तो अफसर चलाते हैं। अफसरों की ढिलाई बने बनाए काम को बिगाड़ते देर नहीं लगाएगी। ऐसे में नायब सिंह को सबसे पहले अपनी टीम को मजबूत बनाना होगा। पिछली टीम मनोहर टीम थी, अब उसकी जगह नायब टीम बनानी होगी।

हरियाणा के जाट और किसान भाजपा से नाराज रहे हैं। इस फैक्ट से भाजपा पूर्ण रूप से वाकिफ है। ये दोनों वर्ग प्रदेश के बड़े वर्ग हैं। इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाट, गैर जाट का ध्रुवीकरण हमेशा फायदा नहीं दे सकता। परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आई डी की त्रुटियों को भी विपक्ष ने खूब भुनाया है। इन्हें सुधारने में हालांकि भाजपा सरकार ने काफी प्रयास भी किए हैं, पर अभी भी ये नाकाफी है।

सबसे आखिरी और प्रमुख ध्यान अपने विधायकों और मंत्रियों के वर्किंग स्टाइल पर रखना होगा। इसे लेकर भी लोगों में काफी नाराजगी रही। अपने 9 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में मनोहरलाल केंद्र के समक्ष 'मनोहर' रहने में कामयाब रहे। अब नायब की बारी है, उन्हें मनोहर काल से अलग काम करके दिखाना होगा तभी वो नायब से 'नायाब' (उत्कृष्ट) बन पाएंगे। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार है। दो बार अकादमी सम्मान से भी सम्मानित हैं।

## प्रतिगामी सोच से मानवाधिकारों का हनन

यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है कि लोग परंपराओं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? यह हम सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है ताकि बच्चे भी ऐसे किसी प्रयास का विरोध कर सकें। जिसमें बाल विवाह पर नियंत्रण करने वाले विभागों की जिम्मेदारी व सजगता बढ़ाने की भी जरूरत है। जिससे बाल विवाह का विरोध करने वाले किशोरों को भी संबल मिल सके।

यही वजह है कि इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि यह कानून संपूर्ण नहीं है और इससे जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने की जरूरत है। जिसके निराकरण के लिये समन्वय का ध्यान रखने की जरूरत है। अदालत ने एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।

# उत्तर- सत्ययुगीन किस्सागोई में अनुपमेय: 'सरप्राइज गिफ्ट'



डॉ. अर्चना पाण्डेय

प्रेमचंद ने जिस कथा-सूत्र का प्रारंभ अपने कथा साहित्य में किया था, वह क्रमशः समय के साथ क्षीण होता गया, किंतु प्रतिभा राजहंस- कृत' सरप्राइज गिफ्ट' संग्रह की कहानियाँ हमें आश्वस्त करती हैं कि हमारा वर्तमान, जिसे विद्वानों ने उत्तर सत्ययुग की संज्ञा प्रदान की है- में कथाकार प्रतिभा राजहंस 'कथा' में 'कहन' के द्वारा और भाषिकी के माध्यम से हमारे समक्ष तद्युगीन संपूर्ण परिवेश को मूर्तिमान करती हैं।

समीक्ष्य कृति में कुल 16 कहानियाँ हैं, जिनका संक्षिप्त विवेचन अपेक्षित है।कथा संग्रह की प्रथम कहानी है -- 'किंतु रोता कौन है' में आजादी से पूर्व की गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन से त्रस्त समाज को बदलने के लिए दृढ़संकल्प कथानायक की आजीवन जीवन- मूल्यों के प्रति आस्था, विश्वास, संघर्ष और सफलता को दर्शाया गया है। 'परकन्नो' जमींदार परिवार की कहानी है। इसमें पारिवारिक परंपरा और संकोच में पड़े परिवार के छोटे लड़के रूपो बाबू का बड़ी भाभी के प्रभाव में आकर छोटी- सी गलती पर अपनी नयी- नवेली पत्नी से अलग होना, दूसरी शादी करना तथा दूसरी पत्नी के विवेकपूर्ण निर्णय से पुनः पहली पत्नी को स्वीकार करना वर्णित- चित्रित हुआ है। उनकी दूसरी पत्नी अपनी सौत से उन्हें मिला कर न सिर्फ उन्हें पश्चात्ताप से मुक्त करती है और सौत को पुत्रवती बनाती है, बल्कि, पुत्र विहीन रूपो बाबू को पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं देने की नीयत रखने वाली उनकी बड़ी भाभी को भी सबक सिखाती है। यह कहानी संयुक्त परिवार में आए दिन होने वाली समस्याओं को बड़ी सहजता, सरलता और जीवंतता से प्रस्तुत करती है। 'सरप्राइज गिफ्ट' कहानी का समीर पत्नी के देहांत के बाद नसबंदी करवाता और शशि नाम की कुमारी लड़की से नसबंदी की बात छिपाकर विवाह करता है। इस बात का पता चलने पर शशि आहत होती है। नारी अस्मिता के प्रश्न उठाती कथानायिका शशि समीर की स्वार्थवृत्ति, शक्कीपन, भोग लिप्सा एवं दंभ पर चोट करती है। अपने को घिरा हुआ पाकर भी वह घबराती नहीं है, बल्कि वह अपनी समझदारी और दृढ़संकल्प के बल पर पढ़- लिखकर आगे बढ़ती है तथा तर्कपूर्ण मंजिल तक पहुँचने में कामयाब होती है।

विवेच्य संग्रह की चौथी .कहानी 'स्पेशल केयर' युवावस्था की ओर बढती लड़की पूजा की है। इस कहानी में वय:संधि प्राप्ता बालिका पूजा उम्र के अनुसार अपना शारीरिक विकास न होने से कुंठित होती है। वह अपनी माँ के पहनावे- ओढाबे तथा माँ के अन्य व्यवहार पर टोकाटोकी करके अपनी कुंठा व्यक्त करती रहती है। इससे चिंतित उसके माता-पिता चिकित्सक और मनोवैज्ञानिक से सलाह- मशविरा करते और बच्ची का उपचार करते हैं। इसके फलस्वरूप बच्ची का जीवन बदल जाता है और माता-पिता की चिंता दूर हो जाती है। यह कहानी मनोविज्ञान के धरातल को संस्पर्श करती है । इसी प्रकार, 'कहानी का ट्रीटमेंट' कहानी साहित्य जगत के आका द्वारा नवोदिता लेखिका को उसकी पुस्तक बड़े प्रकाशन से प्रकाशित करवाने और साहित्य के बड़े आलोचकों द्वारा लोकार्पण आदि करवाने का प्रलोभन देकर उसे अपने जाल में फँसाने तथा उसका यौन शोषण करने की मंशा को उजागर करती है। सतर्क लेखिका न केवल उसके जाल से सुरक्षित निकल आती है, बल्कि उसे उसकी गलत मंशा के लिए प्रताड़ित भी करती है। समीक्ष्य कृति की कहानी 'स्वांग' आदर्शवादी मनुष्य का आत्म साक्षात्कार है। कथानायक आजीवन अपने पुरुषोचित दंभ और आदर्शवादी स्वभाव के कारण अपनी पत्नी को अपने जीवन व परिवार में उचित स्थान नहीं दे पाता है। पत्नी की मृत्यु के बाद उसे अपनी गलती का एहसास होता है। लेकिन, पत्नी की मृत्यु हो जाने के कारण वह अपनी गलती नहीं सुधार सकता। पश्चात्ताप में पड़े कथानायक को अपना जीवन स्वांग लगता है। नसबंदी करवाकर दो बच्चों के पिता द्वारा दूसरी शादी करने की ही दूसरी कथा है 'मधुलिका'। अपनी नई पत्नी पर शक करना, परिवार द्वारा नई पत्नी को उचित मान न मिलना इत्यादि बातें कथा का आधार बनी हैं। इसमें मधुलिका के पति की मधुलिका के जीवन और अध्ययन आदि में कोई रुचि नहीं है। कठिन परिस्थिति में कथानायिका मधुलिका पहले तो अपने पर नियंत्रण नहीं रख पाती है। पर, बाद में अपनी युक्ति से पढ़- लिखकर उसके दो बच्चों को पढ़ाती -लिखाती है। वह स्वयं भी एम. ए., पी-एच.डी करके कॉलेज में प्रोफेसर बनती है तथा उसी पति से अपना बच्चा प्राप्त करती है।

'फैसला ' कहानी की नायिका अंजू जुझारु है। वह परस्त्रीगामी और शराबी पति से अपनी कोखजायी बेटी की अस्मिता बचाने के लिए पति का त्याग करती है। पुरुष प्रधान समाज में पति पर आश्रित चार बच्चों की गरीब माँ का यह फैसला एक बड़ा फैसला होता है।

'मर्यादा' व्यंग्य कहानी है। पारंपरिक ग्रामीण समाज के लोगों की मर्यादावादी सोच-- मानसिकता को ध्यान में रखकर लिखी गई कहानी है। इसमें गाँव की मर्यादा की क्षति होने के डर से तथा मनुष्य के चोर बनने की विवशता को जानने- समझने वाले संवेदनशील सामाजिकों द्वारा उसे माफ करते रहना नवयुवकों को सही नहीं लगता है। वे सजा दिलवाने के लिए उसे थाने भेजते हैं, जबकि गाँव के बुजुर्ग उसे कमाने के लिए कहते हैं। परन्तु, इन सबसे अलग विचारों वाला वह चोर मानता है कि वह चोर है तो उसकी मर्यादा चोरी करने में ही है।

'गुड़िया लेते आना' सौतेले भाई- बहन की कहानी है। इसमें सौतेली माँ की स्वस्थ और ममतामई सोच को अभिव्यक्ति मिली है। 'भोग-नैवेद्य' कहानी इस कृति की अन्यतम कहानी है, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन का कटु यथार्थ उद्घाटित हुआ है। विश्वविद्यालय के उच्च पदस्थ प्रशासकों से लेकर कार्यालयों तक घूसखोरी व भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उस वातावरण में शासकीय व्यवस्था और विवश कर्मी के मध्य की कड़ी बने लोग सुविधा- शुल्क के नाम पर खुलेआम भोग नैवेद्य कहकर रिश्वतखोरी को प्रोत्साहित करते हैं। 'सुमुखी' पैसे के लिए पिता की हत्या कर जायदाद समेत उसकी बेटी को बाँट लेने की साजिश की कहानी है। इन बातों को समझने वाली कथानायिका सुमुखी पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़ी होती है और अपना भविष्य अपने अनुरूप बनाती है।

आलोच्य संग्रह की महत्वपूर्ण कहानी 'साकुंडवाली' मजदूर वर्गीय परिवार की कहानी है, जिसे भरपूर श्रम के बाद भी अपने शहर में वाजिब मजदूरी नहीं मिलती शहै। महानगरीय छल-छद्म व शोषकों के भय से वह वहाँ जाना नहीं चाहता है। इस कहानी में कोरोना काल के कष्ट, दूसरे राज्य में मिली प्रताड़ना, शासकीय अव्यवस्था इत्यादि पर भी प्रकाश डाला गया है। 'छै हजार की नौकरी' मारवाड़ी युवा मन के असमंजस को दर्शाती है, जो प्राध्यापक की नौकरी से अधिक महत्व व्यापार को देता है। तथापि पिता की आज्ञा मानकर प्राध्यापक बनता है। अपने वार्धक्य की उम्र में जब वह देखता है कि शिक्षा जगत से जुड़े होने के कारण उसके बच्चे भी पढ़-लिखकर ऊँचे पदों पर पहुँचकर समाज में उसका मान बढा रहे हैं तब वह अधिक सुखी होता है। वह अपने पिता की दूरदर्शिता का कायल भी होता है।

अंतिम कहानी 'डबल टिक' में लेखिका ने बुद्धिजीवियों की धूर्त-- कुत्सित मानसिकता को प्रकाशित किया है । यह कहानी अपनी तुष्टिकरण की नीति के कारण विद्वेष फैलाने वालों का पर्दाफाश करती है।

निष्कर्ष के रूप में 'सरप्राइज गिफ्ट' के संदर्भ में निर्विवाद रूप से यह कहना समीचीन होगा कि कथा में लेखिका आंचलिक पात्रों को उनकी भाषा के माध्यम से मूर्तिमान करती हैं। एक ईमेज निर्मित करती हैं, जो अन्यत्र प्राप्त नहीं होता है। इस संग्रह की सर्वाधिक विशिष्टता यह है कि उक्त कहानियों को केवल स्त्री विमर्श के आवरण में नहीं देखा जा सकता, अपितु उनमें उत्तर सत्ययुगीन समस्त विमर्श उपलब्ध हैं, जो वर्तमान के किस्सागोई में अनुपमेय है।

-सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग,
खिदिरपुर कॉलेज, कोलकाता

## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में हसीना के इस्तीफे का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं: राष्ट्रपति

**ढाका :** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि उनके पास इस बात का कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि शेख हसीना ने अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बीच देश से चले जाने से पहले प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नोबेल पुरस्कार विजेता 84 वर्षीय मुहम्मद यूनुस आठ अगस्त को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार बने थे। इससे पहले प्रधानमंत्री हसीना 5 अगस्त को भारत चली गई थीं।

'ढाका ट्रिब्यून' अखबार ने बांग्ला दैनिक 'मनाब जमीन' के साथ राष्ट्रपति के साक्षात्कार के कुछ अंशों का हवाला देते हुए सोमवार को लिखा कि शहाबुद्दीन ने कहा कि उन्होंने सुना है कि हसीना ने बांग्लादेश छोड़ने से पहले प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनके पास इसका कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 अक्टूबर, मंगलवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष षष्ठी, 25:32 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 05:49 तक, योग : परिघा, 08:41 तक, सूर्योदय: 5:36, सूर्यास्त: 17:06, चन्द्रोदय : 21:22, चन्द्रास्त: 10:40, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 14:11 से 15:36

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके अच्छे कामों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। अपने काम पर ध्यान दें।

**वृष :** वृष राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान प्राप्त होगा। ऑफिस में आपके काम की सराहना की जाएगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपका कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज उसका फैसला आपके हित में आ सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन शुभ है और यदि आपकी उन्नति रुकी है तो उसका रास्ता साफ होगा। आपके बात करने का ढंग आपको लाभ देगा और आपके लिए नए रास्ते खोलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके अधिकारों में वृद्धि होने के साथ ही आपके उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। आपकी संतान को लाभ मिलेगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को सभी कार्य बहुत ही सोचकर करने की सलाह है। अपने काम पर ध्यान दें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। अकस्मात् कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की के योग हैं। सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा और आपके अधिकारों में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलने के योग हैं और आपको कारोबार में शानदार मुनाफा प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से आपको नए कार्य करने में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सामने कुछ अनावश्यक खर्चे सामने आयेंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। शीघ्रगामी वाहनों से सतर्क रहें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किये गये कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी।


**मीन :** मीन राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आप यदि कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो सफलता प्राप्त होगी। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें।

# संस्कार निर्माण में महिला की भूमिका महत्वपूर्ण-मुनि श्रीजिनेश कुमार जी

**हावड़ा,समाज्ञा :** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में प्रबुद्ध महिला सेमिनार का भव्य आयोजन शरत सदन ऑडिटोरियम में तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा द्वारा आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि सिविल कोर्ट कोलकाता जज पूनम सिंधी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की संगठन मंत्री रमण पटावरी, शिक्षायतन कॉलेज की प्रोफेसर प्रीति सिंधी, मुख्य वक्ता अ.भा.ते.म मं. की पूर्व अध्यक्ष व ट्रस्टी सूरज बरड़िया, प्रेरक वक्ता मोटीवेशनल स्पीकर पूजा रितु बोथरा विशेष रूप से उपस्थित थे। सेमिनार में बडी संख्या में महिला शक्ति व श्रद्धालु-जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अ.भा. ते. म.मं की पूर्व अध्यक्षा, नारी रत्न तारा बाई सुराणा, अनुपमा नाहटा, संगीता बाफणा, कन्या मंडल प्रभारी सोनम बागरेचा की गरिमामयी उपस्थित रही। सेमिनार में संस्कार निर्माण में महिला की भूमिका व आधुनिक युग में कैसी हो महिला की जीवन शैली पर विशेष वक्तव्य हुए। इस अवसर पर सेमिनार उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार ने कहा- किसी भी सभ्य, शिष्ट व स्वस्थ समाज के निर्माण में व्यक्ति के संस्कारों का बहुत बड़ा योगदान रहता है और व्यक्ति के संस्कार निर्माण में महिला की भूमिका सर्वोपरि व महत्त्वपूर्ण होती है। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि संस्कार निर्माण के माध्यम से महिला समाज निर्माण व राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। संस्कार निर्माण में महिला की भूमिका को कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। इस अवसर पर मुनिश्री परमानंद ने कहा- आधुनिकता से तात्पर्य उस व्यक्तित्व से है जिसमें शिक्षा, संस्कार, कार्य कौशल व संस्कृति का समावेश हो। महिलाओं की प्रबुद्धता घर-परिवार में खुशहाली लाये यह अपेक्षा है। बाल मुनि श्री कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया।



## वर्ग पहेली नं. 2894



ऊपर से नीचे:- 1) कल्याणकारी, 2) अकड़ना, 3) धूल; मिट्टी, 4) तैयार करना, 5) ज़बान, 6) लाभ; समृद्धि, 8) गधा, 12) हत्या, 13) ननिहाल, 15) महल, 17) पेचीदा, 18) तृतीय, 21) एक बड़ा त्यौहार, 22) निशाना, 24) खुले में, 26) शौहर, 27) परिणति; आख़िर, 29) प्रतीक्षा; मार्ग.

(उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें:- 1) जिसके साथ किसी की मँगनी हुई हो (विवाह रस्म), 4) दंगा; विद्रोह, 7) रिश्वत; उपहार, 9) परिचारक; नौकर, 10) बोना (पौधा); चुपड़ना; नत्थी करना, 11) कवच, 13) आकाश, 14) उपदेश, 16) यज्ञकर्ता, 18) एक संख्या, 19) कमर, 20) हिम्मत, 21) तर्क; वादविवाद, 23) अफ़वाहबाज़; झूठा, 25) चंद्रमा, 28) पीतनील; एक रंग, 30) इधर-उधर फैला हुआ, 31) आराम; छुटकारा; निजात.

पिछली पहेली का उत्तर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | नु | मा | न | ■ | वि | वे | क | ■ | का |
| थों | ■ | द | शा | न | न | ■ | ला | ■ | र्य |
| हा | ट | क | ■ | व | य | ■ | कं | ठ | स्थ |
| था | र | ■ | सा | ल | ■ | चं | द | ■ | ल |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | दा | ■ | सु | ■ |
| सू | ना | ■ | गि | न | ती | ■ | ■ | खा | ग |
| यों | ■ | ह | र | ■ | व | ज़ा | न | दा | र |
| द | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | ■ | य | म |
| य | म | ल | ■ | म | नो | रं | ज | क | ■ |

## सुडोकू-पहेली-2854

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | 6 | | | | |
| | | | 3 | | 2 | | | |
| 3 | | | | | | 4 | | 2 |
| | | | 7 | 5 | | | | |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | 3 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | | 1 | | | 7 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

सूडोकू पहेली - 2853 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 6 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 2 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 9 | 6 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 |

# मुख्यमंत्री ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, जीवन रक्षक दवाओं की कीमतों पर जताई चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जीवन रक्षक व आवश्यक दवाओं की कीमतों बढ़ोतरी पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा कि मैं आपके ध्यान में14 अक्टूबर, 2024 को जारी एक गजट अधिसूचना के तहत आवश्यक दवाओं की कीमतों में लगभग 50% की बढ़ोतरी की गई है। जिससे आम लोगों को बड़ा झटका लगेगा। जहां तक हो इसे टाला जाना चाहिए। बता दे कि, जिन दवाओं की कीमतों में वृद्धि को मंजूरी दी गई है उनमें अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, तपेदिक और मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसी स्थितियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दवाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने हाल ही में आठ दवाओं के ग्यारह अनुसूचित यौगिकों की कीमतों में 50 प्रतिशत इजाफे की मंजूरी दी है। इन आठ आवश्यक दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी। मुख्यमंत्री मे चिंता जाहिर करते हुए लिखा है कि अगर



उक्त दवाएं लोगों को पैसों के अभाव में नहीं मिलेगी तो इससे आमलोगों को भारी परेशानी होगी। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं आपसे आग्रह करती हू कि आम लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए आठ आवश्यक दवाओं की कीमतों मं बढ़ोतरी के निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए संबंधित मंत्रालय को निर्देश जारी करें। हमारा उद्देश एक संतुलित दृष्टिकोण को संरक्षित करना होना चाहिए, जो नागरिकों के किफायती स्वास्थ्य देखभाल का सम्मान करता हो। नागरिकों का कल्याण सर्वोपरि है। आपके तत्काल निर्देश का इंतजार है। दो पन्नों के इस पत्र में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि नागरिकों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी नीतियों को इसी लक्ष्य के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने लिखा कि मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि संबंधित मंत्रालय को इस मूल्य वृद्धि के फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करने के निर्देश दें। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि शायद, हमारा उद्देश्य वाणिज्यिक व्यवहार्यता और नागरिकों के सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकार के बीच संतुलन बनाए रखना होना चाहिए। नागरिकों का कल्याण अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी हितधारकों को अपनी नीतियों को इस प्रतिबद्धता के अनुरूप बनाना चाहिए।

# डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार और थ्रेट कल्चर के खिलाफ हंगामा व प्रदर्शन

**प्रशासनिक भवन में जड़ा ताला, चिकित्सा सेवाएं बाधित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर के बाद अब डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज और अस्प-ताल के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और धमकी संस्कृति यानी थ्रेट कल्चर के आरोप लगाए गए हैं। सोमवार की सुबह भ्रष्टाचार और थ्रेट कल्चर के आरोप में हंगामा हुआ। डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग छात्रों ने प्रदर्शन कर थ्रेट कल्चर के आरोप लगाए है। इस दिन, प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज के प्रशासनिक भवन को बंद कर दिया। वे लोग मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। इसके



साथ ही अस्पताल की कुव्यवस्था के खिलाफ 12 सूत्री मांग रखी गई है। प्रदर्शनकारियों ने ब्लड बैंकों में व्यापक भ्रष्टाचार तथा नर्सिंग छात्रों और अस्थायी कर्मचारियों को धमकाने का आरोप लगाया। डायमंड हार्बर जिला अस्पताल के अस्थायी कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल हुए। हड़ताल के कारण अस्पताल में चिकित्सा सेवाएं बाधित हुई हैं। इस संबंध में, जूनियर डॉक्टर सौम्यदीप वणिक ने कहा कि हमारी स्थिति विरोध की है ताकि अर्जिकर जैसी घटनाएं राज्य में और कहीं न हों। डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भारी भ्रष्टाचार है। यहां तक कि जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग छात्रों को भी खतरे की संस्कृति का सामना करना पड़ता है। जब तक हमें अधिकारियों से स्पष्ट जवाब नहीं मिल जाता, हम अपना विरोध जारी रखेंगे।

इधर, डायमंड हार्बर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल उत्पल दां ने कहा कि धमकी संस्कृति और प्रश्न पत्र लीक की घटना में नौ छात्रों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें हॉस्टल छोड़ने का आदेश दिया गया, जो विरोध का मुख्य कारण था। उन्होंने आगे कहा कि मामले में पुलिस प्रशासन की मदद मांगी गई है और जल्द ही चिकित्सा सेवाएं सामान्य हो जाएंगी। खबर के लिखे जाने तक तनातनी बरकरार थी।

## विधानसभा उपचुनाव के लिए वाम मोर्चा ने पांच उम्मीदवारों की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए वाम मोर्चा ने सोमवार को पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। वाम मोर्चा द्वारा घोषित उम्मीदवारों में सिताई से फॉरवर्ड ब्लॉक के अरुण कुमार बर्मा, आरएसपी के पदम उरांव (मदारीहाट), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) के देबज्योति मजूमदार (नैहाटी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मणि कुंतल खमरुई (मेदिनीपुर) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के देबकांति महंती (तालडांगरा) शामिल हैं। मोर्चा द्वारा जारी बयान के मुताबिक, हरोआ विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा बाद में की जाएगी।

# पहले फ्लाइट का अपहरण, फिर हाइड्रोजन बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता एयरपोर्ट पर धमकी से मचा हड़कम्प**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहले फ्लाइट को हवा में ही किडनैप करने की धमकी दी गई। उसके कुछ देर बाद ही हाइड्रोजन बस में एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। घटना की सूचना फैलते ही एयरपोर्ट पर हड़कम्प मच गया। कोलकाता हवाईअड्डे पर एक और धमकी भरा कॉल आया। हवा में फ्लाइट के अपहरण की धमकी दी गई है। फोन पर सूचना दी गई कि एयरपोर्ट पर विमान में हाइड्रोजन बम है। हवाई अड्डे को उड़ा दिया जाएगा। इस फोन काल के आते ही एयरपोर्ट पर हंगामा



मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों और सीआईएसएफ ने एक तत्काल उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। सोमवार सुबह 10:55 बजे अचानक कोलकाता एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के सिक्योरिटी चेकिंग ई-पोर्टल का फोन बज उठा। दूसरी तरफ से खबर आई और कुछ ही देर में एक विमान को हवा में ही हाईजैक कर लिया जाएगा। इससे पहले कि वह कुछ कह पाता, फोन कट गया। दो मिनट बाद फिर फोन आया। खबर है कि एयरपोर्ट पर विमान में हाइड्रोजन बम हैं। किसी भी समय विस्फोट हो जाएगा। इस फोन को लेकर स्वाभाविक रूप से काफी डर है। एयरपोर्ट पर तुरंत हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक शुरू की। बैठक करीब 2 घंटे तक चली। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जिस नंबर से कॉल आई थी वह कहां है? पुलिस जांच कर रही है कि पर्दे के पीछे कौन हो सकता है।

# हड़ताल के दौरान किसी रोगी की मौत हुई तो जूनियर डॉक्टरों पर होगा एफआईआर : कुणाल घोष

**अनशन का निर्णय सामूहिक रूप से लिया गया हैं : जूनियर डॉक्टर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में जारी संकट को समाप्त करने के लिए सरकार सक्रिय है। इसी बीच, तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने हड़ताल के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों को आड़े हाथों लिया है। बता दें कि डॉक्टरों ने मांगे पूरी नहीं होने पर मंगलवार को संपूर्ण हड़ताल का ऐलान किया है। कुणाल घोष ने मंगलवार को डॉक्टरों की हड़ताल के कारण किसी मरीज को नुकसान



होने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि अगर मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक को जानबूझकर अनुचित हठ के कारण विफल किया गया और मंगलवार को स्वास्थ्य हड़ताल के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश की गई, तो बंगाल के किसी भी मरीज को हुए नुकसान के लिए निकटतम थाने में डॉ. देवाशीष हलदार और डॉ. अनिकेत महतो के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। ये ही षड्यंत्र के मुख्य सूत्रधार हैं। उनके साथ संबंधित संस्थानों और डॉक्टरों के नाम भी जोड़े जाएंगे। चिकित्सा आपका मौलिक अधिकार है। किसी भी प्रकार की उकसावे से इसे छीनना कानूनन अपराध है। कुणाल घोष ने यह भी कहा कि अगर अनशन के कारण जूनियर डॉक्टरों में से किसी को भी कोई नुकसान होता है, तो इसके लिए भी यही लोग और उनको उकसावे देने वाले लोग जिम्मेदार होंगे। उन्होंने आंदोलनकारी डॉक्टरों से एक बार फिर अनशन वापस लेने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री बार-बार अभिभावक जैसी संवेदनशीलता दिखा रही हैं। इसका सम्मान करते हुए अनशन समाप्त करें और चर्चा के लिए आगे आएं। वामपंथी, अति-वामपंथी या विपक्ष के जाल में न फंसे। दूसरी तरफ, कुणाल घोष की एफआईआर की चेतावनी का विरोध जूनियर डॉक्टर किंजल नंद ने किया है। उनका कहना है कि अनशन का निर्णय पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा सामूहिक रूप से लिया गया है। देवाशीष या अनिकेत ने इसे अकेले नहीं लिया है।

# आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामला : आंदोलनकारी कुछ चिकित्सकों पर भी सीबीआई की नजर, वारदात के बाद देखे गए थे घटनास्थल पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दरिंदगी के मामले में सीबीआई की नजर कुछ आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों पर भी है। इन्हें वारदात के बाद घटनास्थल सेमिनार हाल में देखा गया था, जहां से पीड़िता की लाश बरामद हुई थी। केंद्रीय एजेंसी ने इनसे पूछताछ की है। पुलिस द्वारा लिए गए घटनास्थल के वीडियो तथा जनरल डायरी से केंद्रीय एजेंसी को इसकी जानकारी मिली है। जूनियर डॉक्टर पीड़ता के लिए न्याय, सुरक्षा समेत अन्य मांगो को लेकर आंदोलन कर रहे है। बता दें कि इस वारदात की प्रारंभिक जांच के बाद सीबीआई ने कहा था कि घटनास्थल से एकत्रित किए गए सुबूतों से छेड़छाड़ व उन्हें नष्ट करने की कोशिश की गई है। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि क्या इसमें मेडिकल छात्रों की कोई भूमिका थी। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक वारदात के बाद नौ अगस्त की सुबह करीब 9:30 बजे करीब 15 मेडिकल छात्र मौके पर मौजूद थे। वे महिला डाक्टर के शव को घेरे खड़े थे। इनमें से कुछ डाक्टर फिलहाल आंदोलन में शामिल हैं। तभी घटनास्थल पर पहुंचे एक पुलिस अधिकारी ने अपने मोबाइल फोन से इसका वीडियो बना लिया। उन्होंने बाद में यह वीडियो फुटेज सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई ने उक्त पुलिस अधिकारी से पूछताछ भी की है। इसके अलावा सीबीआई के हाथ चार हार्डडिस्क भी लगे हैं, इन्हें फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

## घोष व मंडल के मोबाइल से डिलीट किए गए डेटा को वापस लाने की कोशिश

**आरजीकर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दरिंदगी वारदात की जांच कर रही सीबीआई अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल के मोबाइल फोन से डिलीट किए गए डेटा को वापस लाने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को इस बात के पुख्ता सुराग मिले हैं कि नौ अगस्त को घोष और मंडल के मोबाइल फोन के बीच हुई बातचीत को जानबूझकर डिलीट किया गया था, ताकि बातचीत का पता न चल सके। नौ अगस्त की सुबह से लेकर रात में पीड़िता के शव के अंतिम संस्कार तक घोष और मंडल के बीच हुई बातचीत की रिकार्डिंग भी जांच अधिकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि दोनों के बीच हुई सारी बातचीत रिकार्ड हो गई थी, क्योंकि दोनों के मोबाइल डिवाइस में आटो-काल रिकार्डिंग मोड चालू था। जांच अधिकारियों का मानना है कि एक बार इन बातचीत की रिकार्डिंग बरामद हो जाने के बाद घोष और मंडल के खिलाफ मामले को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। घोष और मंडल के खिलाफ कोलकाता पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच को गुमराह करना और पीड़िता का शव बरामद होने के बाद सुबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है।**

**नगरपालिका भर्ती घोटाला**

# सीबीआई ने दो निकायों के शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने सोमवार को राज्य के दो जिलों की दो नगरपालिकाओं के शीर्ष अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। सूत्रों ने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले में हालिशहर नगरपालिका और नदिया जिले के राणाघाट नगरपालिका के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को सोमवार को सीबीआई ने नोटिस जारी किया और दोनों को इस सप्ताह के मध्य तक कोलकाता में केंद्रीय एजेंसी के निजाम पैलेस कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारियों को इन दोनों नगरपालिकाओं में भारी नकद भुगतान के बदले की गई कई अनियमित भर्तियों के बारे में विशेष सबूत मिले हैं। ये अवैध भर्तियां मुख्य रूप से ड्राइवर, हेल्पर,



स्वास्थ्य कार्यकर्ता और सफाई सहायक के पद के लिए की गई थीं। हालिशहर और राणाघाट के अलावा, अन्य नगरपालिकाएं जो सीबीआई अधिकारियों की जांच के दायरे में हैं, उनमें उत्तर 24 परगना जिले में पानीहाटी, दक्षिण दमदम और उत्तर दमदम और दक्षिण 24 परगना जिले में डायमंड हार्बर शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि मामले में एक आरोपित और निजी प्रमोटर अयन शील से पूछताछ के दौरान दोनों अधिकारियों के नाम सामने आए हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: एसटी-ओटी-प्वाइंटशिफ्ट-टीटीआर-एबीबी, दिनांक 18.10.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ)/ खड़गपुर-721301, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा दोपहर 12.00 बजे खोली जाएगी। **कार्य का विवरण:** आबादा यार्ड में 03 अदद 1 इन 12 प्वाइंटों एवं क्रॉसिंग, 01 अदद डीएस के स्थानांतरण तथा 01 अदद 1 इन 8.5 प्वाइंटों तथा क्रॉसिंग ढाहने के संबंध में एसएंडटी हिस्से का कार्य तथा हावड़ा-सांतरागाछी जंक्शन अनुभाग में टीटीआर (एफएस+सीएस+ सीएमएससी) - 23 सेट (1:8:5) के लिए एसएंडटी हिस्से का कार्य। इसमें आबादा में ईआई का बदलाव, आबादा-नलपुर एवं आबादा-सांकराईल अनुभाग में एमएसडीएसी चालू करना शामिल है। **निविदा मूल्य:** रु. 4,29,60,682.84। **ईएमडी:** रु. 3,64,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** 15 महीने। **जमा करने की तारीख:** 18.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। **खुलने की तारीख:** 18.11.2024; निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण, ब्यौरा एवं विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। (PR-720)

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-21, दिनांक: 18.10.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-21, कार्य का नाम:** "कार्यों का निम्नलिखित टीआरडी भाग: (क) आसनसोल मंडल - मुगमा स्टेशन यार्ड का रिमॉडलिंग कार्य। (ख) आसनसोल मंडल- दोनों फीडर लाइनों के लिए दुर्गापुर थर्मल पावर स्टेशन (डीटीपीएस)/जीएसएस से वारिया (ओवाईआर)/एफपी तक 25 केवी पावर के ट्रांसमिशन के लिए अंडरग्राउंड केबल। (ग) आसनसोल मंडल - विद्यासागर में फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान के साथ अन्य सहायक कार्य"। **निविदा मूल्य :** रु. 61,95,077.16, **बयाना राशि:** रु. 1,23,900/-, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 19.11.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-198/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting e-Tender**

**Ref e-NIT No.: 2024_ZPHD_763523_1 to 17.**

A re e-Tender **(Notice Memo no- 690, Date: 21.10.2024)** containing seventeen number schemes for construction and installation work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 50.97764 lakhs. Fund- 15th C.F.C., 24-25, 23-24, MAME, PS(VIII) & 5th S.F.C.**

Bid Submission End on: **29.10.2024 at 06:15 PM.**

Log on Gov. Website: **www.wbtenders.gov.in**

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कोलकाता दौरा टला

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पूर्व निर्धारित कोलकाता दौरा टल गया है। उन्हें बुधवार को कोलकाता पहुंचना था। गुरुवार को वह प्रदेश भाजपा के 'सदस्यता अभियान' की आधिकारिक शुरुआत करने वाले थे, लेकिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से बंगाल भाजपा के नेताओं जानकारी दी कि गई है शाह का कोलकाता दौरा टल गया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनका दौरा क्यों टला है। मौसम विभाग ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में बना दबाव चक्रवात में तब्दील हो सकता है और गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच तट से टकरा सकता है। बताया गया




है कि गुरुवार और शुक्रवार को भी राज्य के विभिन्न जिलों में चक्रवात का प्रभाव जारी रह सकता है। प्रदेश भाजपा सूत्रों के मुताबिक, आपदा की इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए शाह फिलहाल राज्य में नहीं आ रहे हैं। अमित शाह का गुरुवार सुबह भाजपा सदस्या अभियान शुरू करने के अलावा नदिया के कल्याणी और हुगली के आरामबाग में दो सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेना था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक वह कल्याणी में बीएसएफ और आरामबाग में सहकारिता मंत्रालय के एक कार्यक्रम में शामिल होने थे। बदली हुई परिस्थितियों के कारण दोनों कार्यक्रम रद किए जा रहे हैं।

# भाजपा ने बंगाल सरकार पर लगाया आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**100 प्रतिशत बूथों में केंद्रीय बलों की तैनाती की भी मांग की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बंगाल सरकार पर विधानसभा (विस) उपचुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी को लिखे गए इस पत्र में कहा गया है कि बंगाल सरकार ने 21 अक्टूबर से बांग्लार आवास योजना के लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत प्रत्येक सत्यापित लाभार्थी को पक्के घर के निर्माण के लिए 1,30,000 रुपये दिए जा रहे हैं। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग को बंगाल सरकार को इस योजना से जुड़ीं सभी गतिविधियों को उन पांच जिलों में



निलंबित करने का निर्देश देना चाहिए, जहां विस उपचुनाव होने वाले हैं। भाजपा ने इसके साथ ही विस उपचुनाव के दौरान मतदाताओं की सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया है। पार्टी की ओर से कहा गया कि सत्ताधारी पार्टी हरेक चुनाव में मतदाताओं को डरा-धमकाकर अलोकतांत्रिक तरीके से जीतने का पूरा प्रयास करती है इसलिए 100 प्रतिशत बूथों में केंद्रीय बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रित करने के बहाने बूथों के आसपास सिविक वालंटियरों व पुलिस कर्मियों की तैनाती की अनुमति न दी जाए।

**CHANGE OF NAME**

I, Pratima Konar Pradhan wife of No.-15707560N, Rank-Nk, Name-Gopal Pradhan, residing at Village: Nowgan, P.O: Fatechak, P.S: Sabang, District: Medinipur (West), State: West Bengal, Do hereby declare that I have change my name from Pratima Pradhan to Pratima Konar Pradhan Vide affidavit before the Notary Public at Alipur, 24 Parganas (South) dated 08/08/2024.

**NAME CHANGE**

I, Manoj Goenka, son of Late Kishari Lal Goenka, residing at Vivek Vihar, Phase 5, BL 15, FL-4c, 493/C/A, G. T. Road, Howrah - 711102, do hereby solemnly affirm and declare that Manoj Goenka and Manoj Kumar Goenka is the same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 21st October 2024.

**उपनगरीय ईएमयू सेवा के प्रथम श्रेणी कोच को मध्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया**

सं.सीसी3/एडिशनल ट्रेन/पीटी.IV दिनांक:18.10.2024

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने उपनगरीय क्षेत्र में दिनांक 28.01.2024 से केवल महिलाओं के लिए प्रथम श्रेणी ईएमयू सेवा शुरू की थी। इस प्रयोजन के लिए दो महिला कोच संपूर्ण रूप से आवंटित किए गए थे, जो दोनों सिरे से मोटर कोच के बाद अवस्थित थे। अब प्रथम श्रेणी के कोच के स्थान में बदलाव किया जा रहा है। **दिनांक 01.11.2024 से,** लोकल ईएमयू सेवा की प्रथम श्रेणी की सुविधा केवल एक कोच के एक-चौथाई हिस्से में आवंटित की जाएगी (अर्थात केवल 25 कुशन वाली सीटों के लिए) और कोच रेक के मध्य स्थान पर होगा, अर्थात एक सिरे से 6वें स्थान पर और दूसरे सिरे से 7वें स्थान पर। इसके अलावा, प्रथम श्रेणी के यात्रियों के साथ साधारण/द्वितीय श्रेणी के यात्रियों के मिश्रण को रोकने के लिए कोच को विभाजित किया जाएगा। लोकल ईएमयू सेवा में इस प्रथम श्रेणी की सुविधा से यात्रियों को आरामदायक और आनंदमय यात्रा उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा उपचुनाव के लिए गठबंधन नहीं करना चाहते कांग्रेस व वाम दल

**आरजीकर कांड के बाद अकेले लड़कर अपनी राजनीतिक ताकत का परीक्षण करना चाहते हैं दोनों दल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की छह विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनावों के लिए कांग्रेस व वामदल गठबंधन नहीं करना चाहते हैं। सूत्रों से पता चला है कि आरजीकर अस्पताल में जूनियर महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस जिस तरह से घिरी हुई है, उसे देखते हुए कांग्रेस व वामदल अकेले चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक ताकत का



परीक्षण करना चाहते हैं। मालूम हो कि दोनों दलों ने राज्य में पिछला विस व लोकसभा (लोस) चुनाव साथ मिलकर लड़ा था। विस चुनाव में दोनों को एक भी सीट नसीब नहीं हुई थी जबकि लोस चुनाव में सिर्फ कांग्रेस एक सीट जीत पाई थी। मालूम हो कि तृणमूल व भाजपा अपने प्रत्याशियों की पहले ही घो-षणा कर चुकी है। वामदलों की अगुआई करने वाली माकपा भी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गत रविवार को बैठक कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि माकपा खुद कितनी सीटों पर उपचुनाव लड़ेगी और सहयोगी वामदलों के लिए कितनी सीटें छोड़ी जाएंगी, यह तय किया जा चुका है। वहीं, अधीर रंजन चौधरी की जगह बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए गए शुभंकर सरकार भी अपने बूते उपचुनाव लडने के पक्ष में हैं। खबर है कि बंगाल कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की सूची तैयार कर मंजूरी के लिए हाईकमान के पास दिल्ली भेज चुका है।

# सियालदह स्टेशन पर चलती ट्रेन में युवती से बदसलूकी, प्रेमी पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह जाने वाली ट्रेन में सवार एक युवती का ट्रेन में उत्पीडन किया गया है। उसके पुरुष साथी पर भी हमला हुआ है। इसे लेकर स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ है। हमला करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार को पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्र ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित जोड़ा रविवार की देर रात ट्रेन में सवार हुए थे। दोनों को बैठने की जगह मिल गई थी और युवती अपने प्रेमी के कंधे पर सिर रखकर बैठी थी। तभी, कुछ महिला सहयात्रियों ने इसका विरोध किया। इसके बाद, पार्क सर्कस स्टेशन से तीन युवक ट्रेन में चढ़े और युवती की शारीरिक संरचना को लेकर अभद्र बातें करने लगे। साथ ही, उन्होंने उसकी तस्वीर खींचकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की कोशिश की। युवती ने इसका विरोध किया, जिसके बाद जब ट्रेन सियालदह स्टेशन पहुंची तो युवक प्लेटफार्म पर उतर गए। युवती ने युवकों का पीछा करते हुए उन्हें थप्पड़ मार दिया। इसके जवाब में युवकों ने युवती के प्रेमी पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह पीटा। युवती का आरोप है कि घटना के समय प्लेटफार्म पर मौजूद जीआरपी अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। कुछ समय बाद तीनों युवकों को जीआरपी कंट्रोल रूम में ले जाया गया, लेकिन वहां भी युवकों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल जारी रखा। जब युवती ने इसका विरोध किया, तो जीआरपी अधिकारी ने उसे भी गिरफ्तार करने की धमकी दी। हालांकि, अंततः तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर से महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# राज्य ने सब्जियों की कीमत में लगाई लगाम

## सरकारी हस्तेक्षप के बाद एक सप्ताह में 10 सब्जियों की कीमत में आई गिरावट

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवान्न ने पूजा से पहले ही सब्जियों की आपूर्ति बढ़ाकर और कीमतें कम करके राज्य के लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। दिवाली, छठ और कई त्योहार सामने हैं।इस बार मूल्य नियंत्रण में फिर से सक्रिय होने के संदेश के साथ सरकार की कार्रवाई से पिछले एक सप्ताह में दस सब्जियों की कीमत में कितनी गिरावट आई है। नवान्न द्वारा प्रकाशित सूची के अनुसार, 12 अक्टूबर को सुफल बांग्ला स्टॉल पर टमाटर 85 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेचे गए।19 अक्टूबर को टमाटर की कीमत 65 रुपए कम हो गई।यानी एक हफ्ते में प्रति किलो टमाटर की कीमत में 20 रुपए की गिरावट आई है। यही हाल खीरा, बैंगन, ककड़ी, झींगा, लौकी, करेला, आलू, प्याज का भी है।खीरे की कीमत 52 रुपए से घटकर 35रुपए हो गई। करेले की कीमत में 13 रुपए, बैंगन की कीमत में 15 रुपए, स्पाइडर बैंगन की कीमत में 10 रुपए, लौकी में 8 रुपए, परवल में 4 रुपए की कमी आई है।

राज्य सरकार ने आलू और प्याज की आपूर्ति बढ़ाकर कीमत नियंत्रित करने की पहल की है। मालूम हो कि कोलकाता के विभिन्न बाजारों में आलू 30-32 रुपए प्रति किलो और जिले के विभिन्न बाजारों में 26-27 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। शहर



और उपनगरों के सुफल बांग्ला बाजारों में ज्योति आलू 27 रुपए प्रति किलोग्राम की कीमत पर बेचा जा रहा है।नवान्न का दावा है कि फिलहाल राज्य के कोल्ड स्टोरेज में 19 लाख मीट्रिक टन आलू है जो बाजार में नया आलू आने तक राज्य के लिए काफी है। मुख्यमंत्री ने आलू के अलावा प्याज की आपूर्ति और कीमत पर नियंत्रण पर जोर देने को कहा। उस निर्देश के मुताबिक राज्य कृषि विभाग ने आलू बीज का उत्पादन बढ़ा दिया है।इसके अलावा, नासिक प्याज पर निर्भरता कम करने के लिए सुखसागर प्याज सीधे किसान से 40 रुपए प्रति किलोग्राम पर खरीदा जा रहा है और सुफल बांग्ला में भी उसी कीमत पर बेचा जा रहा है। सुफल बांग्ला सूत्रों के अनुसार, अब तक 200 टन से अधिक सुखसागर प्याज एकत्र किया जा चुका है। कच्चे टमाटर की कीमत को नियंत्रित करने के लिए सुफल बांग्ला कोलकाता सहित राज्य भर में 15 से 20 प्रतिशत कम कीमत पर आपूर्ति कर रहा है। टमाटर-मिर्च को सीधे खेत से खरीदने के लिए जिला प्रशासन की मदद से 58 फसल खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं।एकत्रित फसलें 517 सुफल बांग्ला स्टॉल और अतिरिक्त 100 से अधिक विशेष बिक्री केंद्र स्थापित करके खरीदारों को सीधे बाजार मूल्य से 15-20% कम पर बेची जा रही हैं। बाजार निरीक्षण एवं निगरानी का कार्य भी चल रहा है। नवान्न ने कहा कि कोलकाता नगर निगम, जिला प्रशासन, संबंधित विभाग और प्रवर्तन शाखा से बनी एक टास्क फोर्स नियमित रूप से कोलकाता सहित राज्य के सभी जिलों में बाजारों का निरीक्षण कर रही है। मकसद एक ही है, सब्जियों की सप्लाई और कीमतें स्थिर करना. नवान्न का दावा है कि इस निरंतर निगरानी के कारण पूजा के दौरान और त्योहार के बाद वस्तुओं की कीमत को नियंत्रण में रखना संभव हो सका है।

## अनुब्रत मंडल ने इस्तीफे का किया ऐलान



**बीरभूम :** अनुब्रत मंडल ने तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहाई के बाद खुद को फिर से बीरभूम जिला तृणमूल के अध्यक्ष के रूप में घोषित किया था। सोमवार को सिउड़ी की एक सभा से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी अनुब्रत ने कहा कि वे और उनके सहयोगी नुरुल, दोनों 2026 में ममता बनर्जी को चौथी बार मुख्यमंत्री बनाने के बाद एक साथ पार्टी के पद छोड़ देंगे। इस दिन, सिउड़ी-2 ब्लॉक के विजय सम्मेलन के दौरान तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने अपना पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। नुरुल, जो जिला परिषद के प्रमुख भी हैं, को अनुब्रत ने 'भाई' कहकर संबोधित किया और उन्हें पद छोड़ने से रोका। अनुब्रत ने कहा कि जब 2026 में ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे, तभी हम दोनों पार्टी के पद छोड़ेंगे। इस दिन, अनुब्रत ने कहा कि मेरी उम्र अब काफी हो गई है। अब समय है कि हम बीरभूम में नई क्रांति लाएं। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे और किसी भी तरह का विभाजन नहीं करेंगे। हमारा मकसद अब सिर्फ लोगों की सेवा करना है। अनुब्रत ने यह भी कहा कि वे किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियों को नहीं बर्दाश्त करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं गलत काम नहीं करूंगा और न किसी को करने दूंगा। गलत कामों से कभी कुछ अच्छा नहीं होता। बता दें कि सिउड़ी-2 ब्लॉक से ही अनुब्रत का राजनीतिक सफर शुरू हुआ था। नुरुल हमेशा से अनुब्रत के करीबी माने जाते रहे हैं और दोनों ने साथ ही राजनीति की शुरुआत की थी।

## महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे दो से 31 अक्टूबर तक 'विशेष अभियान 4.0' चला रहा है। इस अभियान के दौरान स्टेशनों, ट्रेनों, कॉलोनियों, अस्पतालों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों पर गहन सफाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया। मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और मेट्रो परिसर में स्वच्छता के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए उनका सहयोग मांगा। इस अभियान के तहत यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल की अध्यक्षता मेट्रो रेलवे के डिप्टी सीओएमवी/जी जी. शामकुले ने की। उन्होंने सभी से मेट्रो परिसर को साफ-सुथरा रखने का अनुरोध किया। मेट्रो यात्रियों ने मेट्रो परिसर में साफ-सफाई के मानक को



लेकर संतुष्टि व्यक्त की। महानायक उत्तम कुमार स्टेशन पर आज व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस चौपाल के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए बैनर लगाए गए हैं। इस स्वच्छता कार्यक्रम के महत्व के बारे में स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से बार-बार घोषणा भी की गई।

## यात्रियों के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर आरामदायक रिटायरिंग और डॉरमेट्री रूम है उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के आराम के लिए रिटायरिंग रूम और डॉरमेट्री रूम उपलब्ध हैं। यात्रियों के लिए वातानुकूलित डीलक्स, वातानुकूलित और नॉन-एसी तरह के कुल 83 रिटायरिंग रूम और 28 डॉरमेट्री रूम उपलब्ध हैं। यह कमरे कम से कम 3 घंटे और अधिकतम 48 घंटे के लिए ट्रेन से पहले और बाद की यात्रा के लिए बुक किया जा सकता है। यह रूम पूर्व रेलवे के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों जैसे सियालदह, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, कृष्णानगर, बरहामपुर कोर्ट, दक्षिणेश्वर, हावड़ा, बेलूर, तारकेश्वर, वर्दवान, बोलपुर, रामपुरहाट, नबद्वीप धाम, आसनसोल, दुर्गापुर, जसीडीह, मधुपुर, सिउरी, सिमुलतला, चित्तरंजन, बैद्यनाथ



धाम, देवघर, मालदह, भागलपुर, जमालपुर, न्यू फरक्का, साहिबगंज, सुल्तानगंज और बरहरवा पर उपलब्ध हैं। यात्री आईआरसीटीसी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से इन रूम को बुक कर सकते हैं।

## एलएंडटी फाइनेंस का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी एलएंडटी फाइनेंस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 696 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 595 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसकी कुल परिसंपत्ति वृद्धि सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत और खुदरा क्षेत्र में वितरण में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खुदरा कर्ज की वृद्धि 28 प्रतिशत रही और कुल मात्रा 88,795 करोड़ रुपये थी। वित्तीय नतीजों पर एलएंडटी फाइनेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्त रॉय ने कहा कि कंपनी प्रोएक्टिव पोर्टफोलियो मैनेजमेंट और लगातार कलेक्शन स्ट्रैटेजीस के माध्यम से सतत विकास और मुनाफा प्रदर्शित करने में सक्षम रही है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही कई क्षेत्रीय बाधाओं और अस्थिर मैक्रो एनवायरमेंट के कारण चुनौतीपूर्ण रही है।

## सनराइज स्पाइसेज ने पेश की नई फूड एवं ट्रैवल सीरीज 'सनराइज भोजोनबिलाशी'

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी सनराइज स्पाइसेस ने लोकप्रिय रीजनल ओटीटी प्लेटफॉर्म होइचोई के अपनी साझेदारी की घोषणा की है। ब्रांड ने 19 और 20 अक्टूबर को कोलकाता के सिटी सेंटर-2 में भोजोनबिलाशी फूड कार्निवल आयोजित किया। इस खास ईवेंट में बहुप्रतीक्षित फूड एवं ट्रैवल सीरीज, सनराइज भोजोनबिलाशी को लॉन्च किया गया। इस अवसर पर शो की रेसिपी से प्रेरित एक विशेष कुकबुक भी पेश की गई। सनराइज भोजोनबिलाशी अपने दर्शकों को पश्चिम बंगाल के पांच जिलों- बोलपुर, पुरुलिया, मुर्शिदाबाद, बांकुड़ा और कोलकाता के व्यंजनों के साथ एक खूबसूरत सफर पर ले जाएगा। इस सीरीज के पांच ब्रांडेड एपिसोड की अवधि 18 से 20 मिनट की है। ये एपिसोड 23 अक्टूबर को लाइव होंगे और एक्सक्लूसिव रूप से होइचोई प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किए जाएंगे। सनराइज भोजोनबिलाशी किसी आम फूड शो से आगे बढ़कर अपने दर्शकों को एक खास अनुभव प्रदान करता है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जमाराशि में 17% की वृद्धि दर्ज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (यूएसएफबी) ने कुल जमाराशि में 17% की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है, जो 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 34,046 करोड़ तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 29,139 करोड़ थी। तिमाही-दर-तिमाही, जमाराशि में 5% की वृद्धि हुई। बैंक की कासा जमाराशि 26% साल दर साल बढ़कर 8,822 करोड़ हो गई, जिससे कासा अनुपात 25.9% बना रहा। यूएसएफबी की सकल ऋण पुस्तिका 14% साल दर साल बढ़कर 30,344 करोड़ हो गई, जो किफायती आवास क्षेत्र में मजबूत मांग से प्रेरित है, जिसमें संवितरण 40% साल दर साल बढ़कर 758 करोड़ हो गया। सुरक्षित ऋण पुस्तिका अब कुल का 34.8% है, जो पिछले साल 27.5% थी। कोलकाता में, उज्जीवन की बढ़ती उपस्थिति स्पष्ट है, विशेष रूप से किफायती आवास और सुरक्षित ऋण के क्षेत्र में। यह शहर बैंक के लिए एक प्रमुख बाजार बन गया है।

## महानगर में आज से स्पेशल हैंडलूम एक्सपो का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में भव्य स्पेशल हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय डिज़ाइन केंद्र (एनडीसी) द्वारा विकास आयुक्त (हैंडलूम्स), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। यह एक्सपो 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक न्यू टाउन, बिश्व बांग्ला प्रदर्शनी केंद्र में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। यह एक्सपो भारत की समृद्ध हैंडलूम परंपरा और उसके बुनकरों को समर्पित है। 75 से अधिक हैंडलूम बुनकर, स्वयं सहायता समूह (एसए-चजी) और सहकारी समितियां इस एक्सपो में भाग ले रही हैं। यहां भारत के विभिन्न राज्यों की अनूठी बुनाई और पारंपरिक वस्त्र कला की झलक मिलेगी। इस सप्ताह भर चलने वाले आयोजन का मुख्य उद्देश्य बुनकरों को सीधे खरीदारों, निर्यातकों, डिज़ाइनरों और आम जनता से जोड़ना है। इस आयोजन में 50 से अधिक राज्यों की अनूठी बुनाई परंपरा को एक मंच पर लाया जाएगा।

## आईटीसी मंगलदीप ने लग्जरी गिफ्टिंग में रखा कदम, लॉन्च किए भव्य फेस्टिव गिफ्टबॉक्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी मंगलदीप ने अपने नए प्रीमियम गिफ्ट बॉक्स रेंज का अनावरण किया है। आईटीसी मंगलदीप ने फेस्टिव सीजन के समय लग्जरी गिफ्टिंग सेगमेंट में प्रवेश के लिए यह कदम उठाया है। जैसे-जैसे पूरा भारत खुशी और भक्ति के आलोक में उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है, वैसे हर एक गिफ्ट बॉक्स को पारंपरिक त्योहारों को और भव्य बनाने के लिए तैयार किया गया है और प्रीमियम गिफ्टिंग कला में एक खास पहचान बनाई गई है। मंगल मॉर्निंग गिफ्टबॉक्स, टेम्पल ट्रेजर्स गिफ्टबॉक्स और एक विशेष दिवाली गिफ्टबॉक्स है। इस लॉन्च की मुख्य विशेषता ये गिफ्ट बॉक्स हैं, जो सुगंधित प्रसाद का खजाना हैं। इनके अलावा, मंगलदीप ने प्रीमियम धूप स्टिक्स और प्रीमियम धूप कोन भी पेश किए हैं, जो ब्लैक ओउध की आकर्षक महक के साथ आते हैं, जो एक अंधेरी रात की तरह गहरी होती है और जवादू, जो प्राचीन मंदिर अनुष्ठानों की सुगंध को संजोता है।

## हावड़ा स्टेशन पर 'रेल चौपाल' कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के बीच फैलायी जागरूकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा विशेष अभियान 4.0 पहल के तहत रेलवे परिसर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को पूर्व रेलवे के पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन (ईएनएचएम) विभाग द्वारा हावड़ा स्टेशन, न्यू कॉम्प्लेक्स में एक स्वच्छता चौपाल और यात्री जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रेलवे स्टेशनों पर और यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने पर चर्चा में यात्रियों ने भी हिस्सा लिया। नैहाटी, बारासात सहित विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल अभियान भी आयोजित किया गया।



वहीं, आसनसोल, दुर्गापुर, देवघर, नाथनगर सहित अन्य स्टेशनों पर भी स्टेशन सफाई कार्यक्रम चलाया गया। इसके अलावा, एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत, पूर्व रेलवे ने बैरकपुर, नैहाटी, कटवा, वर्दवान लोको कॉलोनी, गोलमोहर रेल कॉलोनी और पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अन्य स्थानों जैसे विभिन्न स्टेशनों के परिसरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। पूर्व रेलवे द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान 4.0 चलाया जा रहा है।

## तिवारी प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता (क्वालिटी) विशेषता है : पं. लक्ष्मीकांत तिवारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तिवारी ब्रदर्स एवं समूह प्रतिष्ठानों के संस्थापक बनवारी लाल तिवारी ने वाराणसी से कोलकाता आकर देशी घी से निर्मित मिष्ठान्न एवं नमकीन प्रतिष्ठान तिवारी ब्रदर्स की स्थापना की। बनवारी लाल तिवारी से गुणवत्ता (क्वालिटी) मैनेजमेंट की प्रेरणा लेकर तिवारी बन्धु निरन्तर प्रगति कर रहे हैं। बड़ाबाजार (कलाकार स्ट्रीट) स्थित तिवारी ब्रदर्स के संचालक पं. लक्ष्मीकांत तिवारी ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि का ध्यान रखते हुए तिवारी बन्धु गुणवत्ता के प्रति संकल्पित है। नमकीन में प्रसिद्ध सिंघाड़ा (समोसा), राज कचौड़ी (दही, पापड़ी, चना, मोठ, भुजिया तथा



स्वादिष्ट चटनी के साथ), छोला बटोरा, वेजिटेबल कटलेट, टिकिया छोला चाट, क्लब कचौड़ी के स्वाद को ग्राहक पसंद करते हैं। मिठाई में काजू पिस्ता रोल, काजू बर्फी, शुद्ध देशी घी के बूंदी लड्डू, बेसन लड्डू, सोन पापड़ी, मावा पिस्ता बर्फी, मोती पाक, दिलखुशाल, चंद्रकला, बालूशाही, सन्देश, केशरिया कुल्फी, नमकीन काजू, दालमोठ एवं विविध मिष्ठान्न, नमकीन तिवारी प्रतिष्ठानों में उपलब्ध है। छेने की मिठाई तिवारी स्वीट्स (कॉटन स्ट्रीट), तिवारी ब्रदर्स मिठाईवाला (अलीपुर), तिवारी कंफेक्शनर्स (मिंटो पार्क, काकुड़गाछी) प्रतिष्ठानों में उपलब्ध है। वर्तमान में, कोलकाता सहित दिल्ली, मुम्बई, कानपुर, बंगलौर, हैदराबाद में तिवारी बंधुओं के प्रतिष्ठानों का संचालन पं. बनवारीलाल तिवारी के पुत्र एवं पौत्र कर रहे हैं। धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय समाजसेवी पं. लक्ष्मीकांत तिवारी ने ग्राहकों, शुभचिंतक मित्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सोसायटी बेनिफिट सर्कल की आम वार्षिक बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्कल ने अपनी 66वीं आम वार्षिक सभा प्रभावशाली तरीके से सम्पन्न की। यह सभा महानगर के एक नामचीन होटल, द सेलेस्टा में पूर्ण हुई। साथ ही साथ वर्ष 2024-2026 के लिए कार्यकारिणी समिति का चुनाव भी संपन्न हुआ। संस्था चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा कार्यों में अपने नए कार्यक्रम में चक्षु चिकित्सालय खोलने



का भी संकल्प लिया है। यह चक्षु चिकित्सालय मध्य कोलकाता के गणेश टॉकीज के निकट खोला जाएगा जिसमें चक्षु शल्य की भी व्यवस्था रहेगी। समाज के जरूरतमंदों का यहां निःशुल्क इलाज संभव हो पाएगा। संस्था के सदस्यों ने अति उत्साह के साथ अभूतपूर्व संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनाया। पवन बंसल की अध्यक्षता में आदित्य विक्रम तुलस्यान ने सभा का संचालन किया एवं सभा के प्रत्येक कार्यसूची को पूर्ण करते हुए वर्ष 2024-2026 के लिए कार्यकारिणी समिति का चुनाव भी सम्पन्न कराया। साथ ही, संस्था की महिला विंग प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में कार्यकारिणी समिति इस प्रकार गठित की गई - सभापति बिमल दीवान, उप सभापति नीरज सांगानेरिया व संजय हरलालका, अध्यक्ष पवन बंसल, उपाध्यक्ष राज किशोर सिंघानिया, प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान, सह सचिव सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल (नीम का थाना), चिकित्सा प्रभारी बिमल मुरारका, चिकित्सा प्रभारी हरि नारायण दुबे, हमीरागाछी चक्षु चिकित्सालय प्रभारी चुन्नी लाल पटेल चयनित किए गए। इस कार्यक्रम में अन्य कार्यकारिणी सदस्यों में अनिल डालमिया, विनय संथालिया, दीपक जालान, केशव झुनझुनवाला, मनीष धानुका, महेश गोयनका, मदन मोहन खंडेलवाल, महेश काबरा, महेश शर्मा, नितेश खैतान, नितेश खेमका, मोहित सुरेका, प्रकाश सांगानेरिया, प्रवीण जालान, पवन देवड़ा, पवन गोयनका, कमल गोयनका, संजय अग्रवाल (पोस्ता), सारंग चौधरी, सुभाष चंद्र गोयनका, दुर्शी चंद्र अग्रवाल, रमेश सरावगी, केदार नाथ गुहलेवाला, संजय अग्रवाल, तारक नाथ गुप्ता उपस्थित रहे। यह सभी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू) ने दी।

## महाप्रबंधक ने किया येलो लाइन के मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने सोमवार को पहली बार दमदम छावनी से येलो लाइन के जय हिंद (हवाई अड्डे) तक ट्रॉली निरीक्षण किया। उन्होंने येलो लाइन के नोआपाड़ा से दमदम छावनी के बीच के हिस्से का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस खंड का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने मेट्रो में नोआपाड़ा से दमदम छावनी स्टेशनों का निरीक्षण किया और उसके बाद जय हिंद मेट्रो स्टेशन तक ट्रॉली निरीक्षण किया। दमदम छावनी से जय हिंद मेट्रो मार्ग पर पहली बार इस तरह का ट्रॉली निरीक्षण हुआ। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन के प्रगति कार्य, विशेषकर इस स्टेशन के बाहरी हिस्से का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने जेसोर रोड स्टेशन के बाहर पौधारोपण किया। प्रमुख वित्तीय सलाहकार अंबिका जैन, प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता असीम



कुमार मजूमदार, प्रमुख मुख्य अभियंता अनुज मित्तल, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन ने भी वहां पौधे लगाए। जय हिंद मेट्रो स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक रेड्डी ने प्लेटफॉर्म, मेजेनाइन फ्लोर, प्रवेश और निकास द्वार और हवाई अड्डे को जोड़ने वाले सबवे पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा उन्होंने इस स्टेशन की आपातकालीन सीढ़ी और विद्युत कक्ष की भी जांच की। इस निरीक्षण को पूरा करने के बाद महाप्रबंधक ने जय हिंद मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक भी की। उन्होंने जय हिंद मेट्रो स्टेशन तक इस खंड के काम की समग्र प्रगति देखकर संतोष व्यक्त किया।

### गोलोक चाकुलिया ध्यान फाउंडेशन की पंचदिवसीय गोकथा का चतुर्थ दिवस

## गोमाता पशु नहीं, धरती पर साक्षात भगवान : साध्वी श्रद्धा दीदी

कोलकाता, समाज्ञा : 'जिन भगवती गो-माता के आशीर्वाद को देवता भी तरसते हैं, सतयुग में जिनकी कृपा से राजा दिलीप के यहां पर रघु नाम के पुत्र हुए और रघुवंश आगे बढ़ा, त्रेता युग में जिनके आदेश का पालन करके निराकार रूप का त्याग करके साकार आकार रूप धारण करके प्रभु श्री राम धरती पर अवतरित हुए, जिनकी सेवा करके द्वापर युग में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का नाम ही गोपाल हो गया, इस कलिकाल में गौ- रक्षा और गौ-सेवा का उपदेश देने के लिये स्वयं आद्य शक्ति जगत जननी जगदंबा मां करणी जी इस धरती पर अवतरित हुईं, ऐसी विश्व वंदनीया गौ के चार पैरों में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों पुरुषार्थ निवास करते हैं।' यह उद्गार सोमवार को उल्टाडांगा के निकट विधान गार्डेन के विशाल प्रांगण में गोलोक चाकुलिया, ध्यान फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से बांग्लादेश सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बलों द्वारा बचाए गए 20500 गोवंशों की व्यापक सेवा सुश्रुषा हेतु आयोजित पंचदिवसीय अमृतमयी गो कृपा कथा के चतुर्थ दिन की कथा सुनाते हुए परम पूज्या साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती दीदी जी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि हीरा चाहे कितना ही बहुमूल्य हो लेकिन अगर वो सामान्य व्यक्ति के हाथों में आ जाए तो वो उसकी कीमत सही-सही आंक नहीं पाएगा



अपितु ऐसा भी हो सकता है कि वो इस अनमोल हीरे को कांच का टुकड़ा ही समझ बैठे। हीरे की असली कीमत, उसकी महत्ता एक जौहरी ही बता सकता है। ठीक उसी प्रकार की स्थिति उन लोगों की है जो केवल और केवल गो-माता को पशु समझते हैं और ऐसा इसलिए है कि उन्हें भगवती गो-माता की अनन्त महिमा का क्षणिक भी ज्ञान नहीं है। पूज्या साध्वी श्रद्धा दीदी ने कहा कि हमारी स्थिति उस मछली की तरह है जो अथाह जल में रहकर भी प्यास से व्याकुल रहती है। आनंद रूपी गाय माता हमारे पास है जो चलती फिरती भगवान है। हमने राम और कृष्ण के साक्षात दर्शन नहीं किए हैं और अगर हम साक्षात भगवान के दर्शन करना चाहते हैं तो यह गो-दर्शन से संभव है। वास्तव में गो-माता साक्षात भगवान है, हम उसको समझ नहीं पाये हैं। यह दोष हमारी दृष्टि का है।

इस दिन, कथा शुभारंभ से पूर्व मुख्य कथा यजमान रमेश सोंथलिया ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया जबकि सत्यनारायणपार्क ए.सी. मार्केट के प्रमुख पवन काजड़िया सहित लक्ष्मी नारायण राठी, श्रवण अग्रवाल, लुणकरण सुरेका, रतन जैन फलौदिया, महेश भुवालका, सीताराम तापड़िया, कैलाश पेड़ीवाल,भवानीशंकर मूंधड़ा, शिवकुमार चौधरी, सज्जन शर्मा, पवन काजड़िया, अशोक पोद्दार, सीताराम पेड़ीवाल, श्याम शाह, श्याम लाल चौधरी, किशन सुरेका (बांकुड़ा) आदि गण्यमान्य लोगों ने भी व्यास पीठ को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रकाश चंडालिया ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## पूर्व रेलवे ने दिवाली और छठ त्योहारों के लिए चलायी 40 स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे दिवाली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देश के विभिन्न दिशाओं में 40 स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। अक्टूबर और नवंबर 2024 के महीने में स्पेशल ट्रेनों की 390 यात्राओं के माध्यम से 4 लाख बर्थ सृजित की गई हैं। ये स्पेशल ट्रेनें हावड़ा, सियालदह, कोलकाता टर्मिनल, आसनसोल, भागलपुर और मालदह टाउन सहित प्रमुख स्टेशनों से प्रस्थान करेंगी और खातीपुरा, उधना, वड़ोदरा, दीघा, पुरी, जयनगर, पटना, न्यू जलपाईगुड़ी, लखनऊ, हरिद्वार, गोरखपुर, सिकंदराबाद, पुणे, नई दिल्ली, रक्सौल और आनंद विहार स्टेशन जैसे प्रमुख गंतव्यों को सेवा प्रदान करेंगी। इसी को ध्यान में रखते हुए, पूर्व रेलवे 03417/03418 मालदह टाउन-उधना-मालदह टाउन स्पेशल, 03007/03008 हावड़ा- खातीपुरा-हावड़ा स्पेशल, 03509/03510 आसनसोल-खातीपुरा-आसनसोल स्पेशल, 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर- सियालदह स्पेशल 03043/03044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा स्पेशल, 03045/03046 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा स्पेशल, 03109/03110 सियालदह-वडोदरा-सियालदह स्पेशल, 03109/03110 सियालदह-वडोदरा-सियालदह स्पेशल, 03575/03576 आसनसोल-आनंद विहार-आसनसोल स्पेशल और 03435/03436 मालदह टाउन-आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल, 03465/03466 मालदह टाउन-दीघा-मालदह टाउन स्पेशल, 03101/03102 कोलकाता-पुरी-कोलकाता स्पेशल, 03187/03188 सियालदह-जयनगर-सियालदह स्पेशल, 03135/03136 कोलकाता-पटना कोलकाता स्पेशल, 03027/03028 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा स्पेशल, 03107/03108 सियालदह-लखनऊ-सियालदह स्पेशल, 03423/03424 भागलपुर-हरिद्वार-भागलपुर स्पेशल, 03430/03029 मालदहग टाउन सिकंदराबाद-मालदह टाउन स्पेशल, 03425/03026 मालदह टाउन-पुणे-मालदह टाउन स्पेशल, 03413/03414 मालदह टाउन-नई दिल्ली-मालदह टाउन स्पेशल और 03483/03484 भागलपुर-नई दिल्ली-भागलपुर स्पेशल चला रही हैं। इसके साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा के लिए विभिन्न तरह की व्यवस्था की गई है।

# राज्य सरकार ने आवास निर्माण के वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया सर्वेक्षण

**हुगली, समाज्ञा :** प्रदेश की मुख्यमंत्री के निर्देश पर आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाने के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। हुगली जिले के सभी 18 ब्लॉकों में सोमवार से सर्वेक्षण शुरू हुआ है। हुगली जिले में सर्वेक्षण दल की कुल सख्या-705 है। सभी वरिष्ठ अधिकारी सर्वेक्षण कार्य की निगरानी करेंगे। प्रत्येक ब्लॉक के साथ एक डिप्टी मजिस्ट्रेट और डिप्टी कलेक्टर को इस सर्वेक्षण कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। 21 अक्टूबर से शुरू हुआ सर्वेक्षण 30 अक्टूबर तक चलेगा। सबसे पहले लक्षित लाभार्थी को इसका लाभ मिलेगा। जो लोग आवास योजना के लिए पहले से ही पीडब्ल्यूएल में सूचीबद्ध है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद आवास सर्वेक्षण शुरू हो गया है। हुगली जिले के 207 ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सर्वे शुरू हो गया है। पंचायत कर्मी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। आवास योजना का लाभ अब सीधे लाभार्थी को मिलेगा। मोबाइल ऐप के जरिए उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जो आवास योजना के असल हकदार है। वर्ष 2020-21 में जिनका नाम आवास योजना की सूची में था, पंचायत कर्मी उन लोगों के घर जा रहे हैं। जिनके घर प्राकृतिक आपदा बाढ़ से नष्ट हो गये हैं। ऐसा व्यक्ति जिसके पास अपने नाम पर जगह है, प्रति माह पंद्रह हजार से कम आय है, और उसके नाम पर तीन पहिया चार पहिया वाहन नहीं है, उन्हें सूचि में शामिल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भ्रष्टाचार भी सामने आये। जो लोग आवास योजना के



योग्य नहीं थे, उनका नाम सूचि में शामिल पाया गया। अब लाभार्थी से घोषणा पत्र लिखवाया जा रहा है।

कोदलिया-1 ग्राम पंचायत के अयामा डांगा के रहने वाले टोटोन रॉय का घर बरसात में टपक रहा है, उस घर में रहना बहुत मुश्किल है। टोटोन रॉय ने कहा कि बरसात होने पर उन्हें दूसरे आश्रय में शरण लेने जाना पड़ता है। आवास के लिए आवेदन किया, लेकिन आवास नहीं मिला। इस बार राज्य सरकार आवास के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये देने की बात कह रही है। टोटोन की पत्नी मधुबाला रॉय ने कहा कि अगर संभव हुआ तो वह घर बनायेंगे। पंचायत कर्मियों ने सप्तग्राम ग्राम पंचायत के मीठापुकुर क्षेत्र में भी घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया। हुगली जिला परिषद के अध्यक्ष रंजन धारा ने कहा कि केंद्र आवास योजना के लिए बंगाल को वंचित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बार-बार केंद्र से पैसे मांगे हैं, लेकिन केंद्र ने आवास के लिए पैसा नहीं दिया है। जब केंद्र सरकार ने आवास अनुदान बंद कर दिया तो मुख्यमंत्री ने बंगाल के लोगों को सरकारी कोष से आवास धनराशि देने का फैसला किया है। मिट्टी के घरों को अब पक्के घरों में तब्दील कर दिया जायेगा। सर्वेक्षण सोमवार से शुरू हो गया है और 31 अक्टूबर तक चलेगा। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं की सारी जानकारी अपलोड की जाएगी। संबंधित विभाग वहां से लाभार्थी की सूची जारी करेगा। भुगतान राशि तीन चरणों में सीधे बैंक खाते में जाएगी। भाजपा राज्य समिति के सदस्य स्वपन पाल ने कहा, तृणमूल पार्टी पूरी तरह से भ्रष्ट है। चाहे 100 दिन का काम हो या प्रधानमंत्री आवास योजना, हर जगह भ्रष्टाचार हुआ है। अगर बंगाल की दीदी केंद्र को हिसाब दे पाती तो केंद्र बेहिचक बकाया भुगतान करेगा। गरीबों का हक गबन किया जा रहा है। भाई-भतीजावाद के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। सरकार के लोग घर-घर जाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हावड़ा पुलिस ने गया से बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के टिकियापाड़ा से बाइक चोरी करने के आरोप में बिहार के गया से एक टीवी कलाकार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम सनाउल अंसारी उर्फ कुर्बान (23) है। आरोपी भोजपुरी टीवी कलाकार बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष 29 जून को टिकियापाड़ा के रौशन गुलजार लेन से एक बाइक की चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी थी। आरोपी का पता चलते ही हावड़ा पुलिस की टीम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर गया के फतेहपुर थानांतर्गत छोटाहारा गांव पहुंची और आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी




व्यक्ति अभिनय के साथ-साथ बाइक की चोरी भी करता था। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी ने बंगाल, झारखंड, ओडिशा और अन्य राज्यों में भी बाइक चोरी की है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर हावड़ा आ रही है।

### 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत जरुरतमंदों में भोजन वितरण

**हावड़ा, समाज्ञा :** 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत सोमवार को हावड़ा निवासी शिशिर सेठिया ने अपने दोनों पुत्रों वैभव सेठिया और व्योम सेठिया के जन्मदिन के अवसर पर हावड़ा में प्रतिदिन होने वाले संध्याकालीन दरिद्रनारायण भोज के आयोजन में अपनी सहभागिता देते हुए समाज को एक सुंदर संदेश दिया।

### आईटीसी मंगलदीप ने लग्जरी गिफ्टिंग में रखा कदम, लॉन्च किए भव्य फेस्टिव गिफ्टबॉक्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईटीसी मंगलदीप ने अपने नए प्रीमियम गिफ्ट बॉक्स रेंज का अनावरण किया है। आईटीसी मंगलदीप ने फेस्टिव सीजन के समय लग्जरी गिफ्टिंग सेगमेंट में प्रवेश के लिए यह कदम उठाया है। जैसे-जैसे पूरा भारत खुशी और भक्ति के आलोक में उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है, वैसे हर एक गिफ्ट बॉक्स को पारंपरिक त्योहारों को और भव्य बनाने के लिए तैयार किया गया है और प्रीमियम गिफ्टिंग कला में एक खास पहचान बनाई गई है। मंगल मॉर्निंग गिफ्टबॉक्स, टेम्पल ट्रेजर्स गिफ्टबॉक्स और एक विशेष दिवाली गिफ्टबॉक्स है। इस लॉन्च की मुख्य विशेषता ये गिफ्ट बॉक्स हैं, जो सुगंधित प्रसाद का खजाना हैं। इनके अलावा, मंगलदीप ने प्रीमियम धूप स्टिक्स और प्रीमियम धूप कोन भी पेश किए हैं, जो ब्लैक ओउध की आकर्षक महक के साथ आते हैं, जो एक अंधेरी रात की तरह गहरी होती है और जवादू, जो प्राचीन मंदिर अनुष्ठानों की सुगंध को संजोता है।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की कांचरापाड़ा इकाई की नई कमेटी गठित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेवा कार्यों को विस्तार देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने अपनी कांचरापाड़ा इकाई की नई कमेटी गठित की। इसके तहत अक्षयवर नाथ सिंह को नई कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महेश सिंह, वीरेंद्र सिंह और शारदा सिंह उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। रमेश सिंह को सचिव, अनिल सिंह को संयुक्त सचिव और अजीत कुमार सिंह, तारक सिंह, संतोष कुमार सिंह व उदय कुमार सिंह को सहायक सचिव बनाया गया है। संतोष कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। केके सिंह, जनक सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, अरुण सिंह, कामेश्वर सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, तारकेश्वर कुमार सिंह, बीएन पाठक को संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई है। समाज के मुख्य संरक्षक जेपी सिंह व महासचिव शंकर बक्श सिंह ने बताया कि समाज अपनी सामाजिक जिम्मेवारी के प्रति जागरूक है। समाज के सदस्यों को और सक्रिय होने को कहा गया है। कांचरापाड़ा इकाई की नई कमेटी से समाज को काफी उम्मीदें हैं और विश्वास है कि सदस्यगण इस पर खरा उतरेंगे।

## शराब में स्प्रिट मिलाकर बेचने का आरोप, कारोबारी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शराब में स्प्रिट मिलाने से अत्यधिक नशा हो जाता है इसलिए भीड़ को रोकने और ग्राहकों का नशा बढ़ाने के लिए कारोबारी तापस मिस्त्री शराब में स्प्रिट मिलाता था। यही शिकायत है। शराब में मिलावट कर बेचने के आरोप में एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। यह घटना हसनाबाद थाने के देवी मोड़ इलाके की है।पुलिस कारोबारी की तलाश कर चुकी है। 712 लीटर स्प्रिट बरामद व शराब बरामद किया गया। गांव के कुछ लोगों का कहना है कि इसी वजह से दुकान पर भीड़ लगी रहती थी। ग्रामीणों का कहना है कि लोग उस दुकान से शराब खरीदते थे। खुद स्थानीय लोगों का कहना है कि यह



कारोबार पूरी तरह से अवैध रूप से चल रहा था। इसकी जानकारी बशीरहाट पुलिस जिले को हुई और पुलिस ने एसओजी विभाग के साथ संयुक्त अभियान में इस बेईमान व्यापारी को भी गिरफ्तार कर लिया। तपन मिस्त्री नाम के कारोबारी को 19 तारीख की रात को गिरफ्तार किया गया था। उसे रविवार को बशीरहाट उप-विभागीय अदालत में ले जाया गया और अदालत ने तीन दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। तापस से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस घटना में कोई और भी शामिल है, क्या इलाके में कोई और कारोबारी भी उसकी तरह बेईमानी से कारोबार करता था।

## विरोध करने पर महिला की हत्या, चालक ने अंधेरी सड़क पर हेडलाइट बंदकर कुचला

### ✒ पुलिस ने आरोपित गाड़ी चालक को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रानाघाट के तहत आने वाले ताहेरपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक महिला को एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने कुचल दिया। इस घटना में पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। मृतक महिला का नाम तंद्रा विश्वास (32) है, जो अपने पति सुजन विश्वास के साथ बाइक से घर लौट रही थी। पुलिस के अनुसार, सुजन विश्वास, जो स्थानीय औषधि व्यवसायी हैं, अपनी पत्नी तंद्रा को लेकर बाइक से रात को दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में एक इंजन वैन चालक से बाइक खड़ी करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के बाद इंजन वैन चालक ने एक पिकअप वैन को फोन करके बुलाया। झगड़ा सुलझने के कुछ समय बाद ही पिकअप वैन चालक ने अचानक अपनी गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और तंद्रा विश्वास को कुचलते हुए भाग निकला।

सूत्रों के अनुसार, रविवार रात सुजन और तंद्रा बाइक पर ताहेरपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में तंद्रा का चश्मा गिर गया, जिसे उठाने के लिए उन्होंने बाइक रोकी। उसी वक्त एक इंजन वैन आ रही थी और वैन चालक ने तंद्रा और सुजन के साथ गाली-गलौज की। सुजन ने इसका विरोध किया और दोनों के बीच हाथापाई भी हो गई। इसके बाद वैन चालक ने पिकअप वैन को फोन करके बुलाया। कुछ ही देर में पिकअप वैन चालक वहां पहुंचा और उसने सुजन के साथ मारपीट शुरू कर दी। मामला सुलझने के बाद दोनों पक्ष अपनी-अपनी दिशा में जाने लगे। लेकिन, पिकअप वैन चालक ने अचानक से अपनी गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई, हेडलाइट बंद की और तंद्रा को टक्कर मार दी। इस हादसे में तंद्रा के साथ दो और लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तंद्रा को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुजन विश्वास का आरोप है कि यह सुनियोजित हत्या थी। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और चालक पर हत्या का आरोप लगाया गया है।

रानाघाट की एसडीपीओ शैलजा दास ने सोमवार को कहा कि हमने पिकअप वैन चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह भी देखा जा रहा है कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। सुजन विश्वास ने बताया, हमने सोचा कि विवाद सुलझ गया है, लेकिन कुछ ही मिनटों में पिकअप वैन ने हेडलाइट बंद कर तेज रफ्तार से आकर मेरी पत्नी और अन्य लोगों को टक्कर मार दी। यह एक सोची-समझी हत्या है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। यह हादसा इलाके में आक्रोश का कारण बन गया है।

## देगंगा में ससुर पर नवविवाहित बहू से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूरे राज्य में महिला सुरक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है लेकिन रेप के मामलों में गिरावट की बजाए इजाफा ही देखा जा रहा है। इस बार युवा गृहिणी ने ससुर पर ही रेप का आरोप लगाया है। आरोप है कि इस घटना के बारे में सब कुछ जानने के बाद भी पति चुप रहा। युवती का कहना है कि पति ने कुछ नहीं कहा। हारकर उसने शिकायत दर्ज कराई। उसे इंसाफ चाहिए। यह घटना उत्तर 24 परगना में देगंगा की है। गृहिणी द्वारा ससुर पर लगाए गए आरोपों से हड़कंप मच गया है। आरोपी को सोमवार को बारासात कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पीड़िता का गोपनीय बयान लिया गया। उधर, आरोपी आरोपों से इनकार कर रहा है। उस गृहिणी की सात दिन पहले ही शादी हुई थी। उधर, ससुर पर लगे ऐसे आरोपों से लड़की का परिवार सदमे में है। पता चला कि युवती ने घर से ही देखभाल कर शादी कर ली थी। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद ही ससुर ने युवती को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुर पर उसकी इच्छा के विरुद्ध धमकी देकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। युवती का दावा है कि उसका पति इस मामले पर चुप है। रविवार रात देगंगा थाने में आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## शारीरिक संबंध नहीं बनाने देने पर नशे में चूर देवर ने भाभी पर किया हमला

**पूर्व मेदिनीपुर :** नशे की हालत में देवर भाभी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश कर रहा था। जब भाभी ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने एक तेज बड़े चाकू से उसके पेट में वार कर दिया। बड़े और मझले भाई पर भी चाकू से वार कर दिया। इस



घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। यह घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा 1 ब्लॉक के सहारा ग्राम पंचायत के सिंदुरिया गांव में घटी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जब आरोपी झोटन नायक नशे की हालत में देर रात माज बाउडी के घर गया और यौन संबंध बनाने की कोशिश की, तो माज बाउदी और भाई ने उसे रोका। फिर उसने भाई भाभी से हमला कर दिया। मेज़ो ने भाभी के पेट में चाकू घोंप दिया। चाकू लगते ही भाभी जमीन पर गिर पड़ी। वहीं बड़े भाई का कान भी जख्मी हो गया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी दौड़कर आए। आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। भाई और भाभी को बचा लिया गया और गंभीर हालत में आगरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एगरा थाने को सूचना देने के बाद पुलिस ने मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन आरोपी झोटन नायक को घटनास्थल पर ले जाकर पूछताछ की गई, जहां पुलिस ने खून से सना चाकू और चाकू बरामद कियाय़ आरोपी झोटन नायक को सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कांथी सब-डिविजनल कोर्ट ले जाया गया। सोमवार की सुबह एगरा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर ने भाभी को गंभीर हालत में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।


## स्वास्थ्य योजना में सभी शिक्षक क्यों नहीं?

❑ **सरकार की नीति से नाराज सरकार प्रायोजित एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के शिक्षक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी स्कूलों के शिक्षक राज्य स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आते हैं, जबकि सरकारी सहायता प्राप्त और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षक नहीं हैं। क्यों नहीं? इस सवाल पर नाराज होकर एक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य योजना से बाहर किए गए शिक्षकों के अनुसार, सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को प्रति माह 500 रुपए का चिकित्सा भत्ता मिलता है। यदि कोई शिक्षक वह 500 रुपए नहीं लेता है तो उसे स्वास्थ्य साथी योजना के तहत कवर किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल प्रिंसिपल टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव कृष्णांशु मिश्रा कहते हैं कि जो लोग सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं, अगर वे 500 रुपए का मेडिकल भत्ता छोड़ दें तो वे 10 लाख रुपए तक की सरकारी स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसी नियम के तहत सरकारी सहायता प्राप्त और सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को 500 रुपए नहीं लेने पर अधिकतम 5 लाख रुपए ही मिलेंगे। उन्होंने सरकार प्रायोजित या सहायता प्राप्त शिक्षकों को स्वास्थ्य योजना के तहत लाने के लिए वित्त विभाग और शिक्षा विभाग को कई बार पत्र लिखकर सवाल पूछा है कि 'यह भेदभाव क्यों?' लेकिन अभी तक उनकी शिकायतों का समाधान नहीं हुआ है। एआईएफई के महासचिव नवकुमार कर्माकर राज्य में अधिकांश स्कूल अब सरकारी हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक सरकारी स्वास्थ्य योजन-ाओं से वंचित हो रहे हैं।

## इलाज में कथित लापरवाही के आरोप में गर्भ में बच्चे की मौत

### ✒ मरीज के परिजनों ने अस्पताल में किया प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मामले में राज्य में उथल-पुथल मची है। वहीं राज्य में एक डॉक्टर फिर कठघरे में हैं। मालदा के नॉर्थ बंगाल मेडिकल हॉस्पिटल के मानिकचक के बाद मरीज के परिजनों ने एक बार फिर डॉक्टर पर उंगली उठाई गई है। रविवार को कृष्णानगर के सदर अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से अजन्मे बच्चे की मौत का आरोप लगा है। मरीज के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि कालीगंज के मीरजापुर निवासी अफरोजा खातून को रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा शुरू हुई। बाद में परिजन उसे कालीगंज के पानीघाटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। स्वास्थ्य केंद्र के एक डॉक्टर ने सुझाव दिया कि गर्भवती महिला को सिजेरियन सेक्शन कराना चाहिए। हालांकि, ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण अफ़रोज़ा को कृष्णानगर के सदर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। परिजनों की शिकायत है कि सुबह ट्रांसफर होने के बाद भी दोपहर तक महिला को इलाज नहीं मिला। रात दस बजे जब डॉक्टर ने आकर सिजेरियन किया तो गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों पर ला-परवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। अस्पताल में माहौल गरमा गया। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### दिवाली से पहले भारत जूट मिल खुला, श्रमिकों के चहरों पर दिखी खुशी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के दासनगर स्थित भारत जूट मिल सोमवार से खुल गया है। यह मिल पूजा से पहले अचानक बंद हो गया था। जिस कारण करीब साढ़े चार सौ से अधिक मजदूर बेरोजगार हो गए थे। इस मिल के बंद होने से श्रमिक और उनका परिवार काफी चिंतित थे। लेकिन जूट मिल मालिकों और आईएनटीटीयूसी ट्रेड यूनियन के हस्तक्षेप से भारत जूट मिल फिर से पूरी तरह से खुल गई है। इससे खुश श्रमिकों ने स्वीकार किया कि वे आभारी हैं कि ट्रेड यूनियन ने जूट मिल खोलने की जिम्मेदारी ली है। वहीं, हावड़ा सदर के आईएनटीटीयूसी के सभापति ने कहा कि काफी मेहनत के बाद यह जूट मिल फिर से खुला है।

## पूर्व रलेवे की महिला कबडडी टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की महिला कबड्डी टीम ने पटना में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन किया। 16 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चले इस टूर्नामेंट में महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय रेलवे टीम के लिए कई खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है जिनका अब चयन किया जाएगा। पूर्व रेलवे की डिंपल को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया है। पूर्व रेलवे की महिला वेट लिफ्टिंग टीम ने हाल ही में मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय रेलवे वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों में से पलाथिव धात्री ने 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। के.वी.एल. पावनी कुमारी ने 45 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, टी.एम. कीर्तना ने 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें आने वाले दिनों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### डोमजूर में दूध को लेकर दो गुटों में मारपीट, 10 घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के डोमजूर थानांतर्गत सलप इलाके में दूध को लेकर जमकर हंगामा हो गया। स्थानीय क्लब के सदस्य और विक्रेता आपस में भिड़ गए। इस घटना में कुल 10 लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, डोमजूर के तेतुलकुली इलाके में हर साल स्थानीय क्लब की ओर से अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में दूध की जरूरत होती है। बताया जा रहा है कि क्लब के सदस्यों ने पास के एक खटाल को 20 लीटर दूध देने के लिए कहा था। रविवार शाम को क्लब के सदस्य दूध लेने खटाल गए, लेकिन विक्रेताओं ने कहा कि दूध खत्म हो गया है। इसी बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां आठ लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया, जबकि दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक इस घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रक को किया जब्त, चार गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली के पांडुआ थानांतर्गत जीटी रोड के तिन्ना षष्ठीतला इलाके से अवैध रेत से भरी तीन ट्रकों को पुलिस ने जब्त कर लिया। इस घटना में चार लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पांडुआ थाना क्षेत्र के जीटी रोड के तिन्ना षष्ठीतला इलाके से रेत से भरी तीन ट्रक को जब्त किया है। यह ट्रक बर्दवान से मगरा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने संदेह होने पर पूछताछ शुरू की, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एवं उचित दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने अवैध रेत तस्करी के आरोप में चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी शेख कालाम होसेन, शेख लालचंद वर्दवान के गलसी इलाके के रहने वाले हैं। जबकि अन्य दो आरोपी शेख ज्वेल और शेख बप्पा शक्तिगढ़ इलाके के बाशिंदा हैं। सोमवार को चारों आरोपियों को चुंचुड़ा कोर्ट में पेश किया गया। दो ट्रक चालक और खलासी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक ट्रक चालक फरार है, उसकी तलाश जारी है।

### डेबरा में थाने के नजदीकी नहर से शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** डेबरा थाने से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित नहर से शव बरामद हुआ। सोमवार की सुबह डेबरा थाने से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर बालीचक लॉकगेट इलाके में नहर के पानी में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम शक्तिपद सीट (34) है। उसका घर नारायणगढ़ थाने के राजपुर इलाके में है। सबसे पहले स्थानीय निवासियों ने शव को तैरते हुए देखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस ने जाकर शव को नहर से बरामद किया। शव को डेबरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शक्तिपद अपने परिवार के साथ डेबरा इलाके में अपने ससुराल में रहता था। परिजनों ने जाकर शव की पहचान की। हालांकि, परिवार वालों को समझ नहीं आ रहा कि ऐसा कैसे हो गया। डेबरा थाने की पुलिस इसकी जांच कर रही है कि यह हादसा है या हत्या। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ का विजया दशमी सम्मेलन संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बड़ी धूमधाम से लिलुआ शाखा द्वारा बावनगाछी में विजया दशमी सम्मेलन आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अखिल



भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे। इसके अलावा, प्रदेश अध्यक्ष संजय रजक, हीरा लाल रजक, हावड़ा जिला के सलाहकार लक्ष्मण रजक, गौरी शंकर रजक, लिलुआ शाखा के अध्यक्ष नेपाल रजक, सचिव रवि शंकर रजक, राजेन्द्र रजक, सुबोध रजक, विनोद रजक, पवन रजक, महेंद्र रजक, नरेश रजक, राजेश रजक, राजकिशोर रजक, संतोष रजक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम रजक ने कहा कि राज्य के धोबी समाज के सभी लोगों को आह्वान किया कि अपने समाज के विकास और बेहतर कार्य में योगदान करें। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्य एकजुट होकर कार्य करें। संगठन को आगे बढ़ाने के युवा पीढ़ी भर चढ़कर संगठित कार्यों में हिस्सा ले जिससे की संगठन और अधिक मजबूत बन सके। धोबी समाज के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्य में धोबी समाज का सर्वांगीण विकास जरूरी है। इसके लिए समाज के बुद्धिजीवी तबके को आगे आना होगा। शिक्षा ही समाज का दर्पण होता है, जो समुदाय शिक्षित होता है उसका विकास तेजी से होता है। धोबी समाज को भी शिक्षा से जोड़ना चाहिए, तभी समाज का उत्थान हो सकता है।

## पहली पत्नी ने गुस्से में आकर दूसरी पत्नी के घर पर करवाया हमला

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जेबीपुर थानांतर्गत इलाके में एक महिला ने गुस्से में आकर अपनी सौतन के घर पर हमला करवा दिया। आरोपी महिला का नाम निगार बेगम बताया जा रहा है। यह घटना जेबीपुर थानांतर्गत इच्छानगर इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार, शेख अब्दुल हफीजुर रहमान की पहली शादी निगार बेगम के साथ हुई है। हाल ही में अब्दुल ने फिरोजा बेगम से दूसरी शादी कर ली। अब्दुल दूसरी पत्नी के साथ रहने लगा। इससे नाराज पहली पत्नी ने संपत्ति अपने नाम कराने के लिए तृणमूल नेताओं से हस्तक्षेप करने की मांग की। इससे संबंधित रविवार रात को सालिसी सभा हुई। निगार बेगम ने पति अब्दुल से संपत्ति उसके नाम करने को कहा, लेकिन उसने इनकार कर दिया। सभा में भी उसके खिलाफ ही फैसला सुनाया गया। इससे निगार बेगम नाराज हो गयी। आरोप है कि निगार के कहने पर करीब 40 युवक अब्दुल की दूसरी पत्नी फिरोजा बेगम के घर पहुंचे और जमकर तोड़फोड़ की। पीड़िता ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हरियाणा के कैथल में पराली जलाने पर 14 किसान गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** राष्ट्रीय राजधानी समेत हरियाणा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बीच कैथल जिले में अपने खेतों में पराली जलाने के लिए पिछले कुछ दिनों में 14 किसानों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में खासतौर से अक्टूबर और नवंबर में, कटाई के बाद के मौसम के दौरान प्रदूषण का स्तर बढ़ने के लिए अक्सर हरियाणा और पड़ोसी पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराया जाता है। हरियाणा में कैथल जिले के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) बीरभान ने फोन पर बताया, 'पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने के लिए 14 किसानों को गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया क्योंकि यह अपराध जमानती है।' उन्होंने बताया कि पराली जलाने के लिए वायु (प्रदूषण रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम और कानून के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। पानीपत और यमुनानगर समेत कुछ अन्य जिलों में भी पराली जलाने के लिए हाल में प्राथमिकियां दर्ज की गयी हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव टी वी एस एन प्रसाद ने रविवार को उपायुक्तों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जाए।

### भदोही में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या

**भदोही (उप्र) :** भदोही जिले में एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की सोमवार को कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल चौराहे पर स्थित इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह (56), अमिलौरी गांव स्थित अपने घर से कार में सवार होकर निकले थे तभी घर से दो सौ मीटर की दूरी पर पूर्वाह्न करीब 10 बजे मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों ने कार के टायर पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद उन्होंने कार के पास पहुंचकर सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं और हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सिंह को पास के एक सरकारी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बहराइच हिंसा: अब तक 104 लोग गिरफ्तार, ध्वस्तीकरण नोटिस पाने वालों को अदालत से राहत की उम्मीद




**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिले के महाराजगंज कस्बे में सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में अब तक 104 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और वहीं ध्वस्तीकरण का नोटिस पाने वाले लोगों ने 15 दिन की राहत के लिए सोमवार को उच्च न्यायालय का धन्यवाद किया तथा न्यायालय से राहत की उम्मीद जताई। दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन जुलूस के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत और फिर हुई हिंसा की घटना के बाद बहराइच के कुंडासर-महसी-नानपारा-महाराजगंज मार्ग पर कथित अवैध निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 23 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए हैं, जिनमें से 20 मुस्लिमों के हैं। ये नोटिस रोड साइड भूमि नियंत्रण अधिनियम, 1964 के तहत जारी किए गए हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने रविवार को इन लोगों को बड़ी राहत देते हुए जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय बढ़ा दिया और राज्य के अधिकारियों को उनके जवाबों पर विचार करने और तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 23 अक्टूबर तय की है। जिनके घरों को नोटिस जारी किए गए, उनमें से एक मुस्लिम महिला ने कहा, 'अब हमें तसल्ली है। हमें भूखे रहने की चिंता नहीं है। अब हमारी उम्मीदें अदालत के आदेश पर टिकी हैं और हमें उम्मीद है कि हमें राहत मिलेगी।' एक हिंदू महिला ने कहा, 'हम बस यही चाहते हैं कि हमारे घरों को टूटने से बचाया जाए। हम गरीब हैं और इस घर के बिना हमारे सिर पर छत नहीं रहेगी।' राम प्रसाद के बेटे ननकऊ के घर की बाहरी दीवार पर अभी भी पीडब्ल्यूडी का नोटिस चस्पा है। महिला ने संवाददाताओं से कहा, 'कल तक मैं बहुत चिंतित थी। मैं खाना नहीं बना पा रही थी, यह सोचकर कि अगर हमारा घर और दुकान चली गई तो हम क्या करेंगे, हम कैसे रहेंगे।' एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, 'मेरे पास संपत्ति के कागजात हैं। मेरे पिता यहां रहते थे, अब मैं भी अपनी आधी से ज्यादा जिंदगी जी चुका हूं। मैं कागजात अदालत में पेश करूंगा और उम्मीद करता हूं कि अदालत हमारे साथ न्याय करेगी।'

## जितने भी माफिया हैं, अखिलेश यादव उनके सरगना और सरदार : केशव प्रसाद मौर्य



**हरदोई, (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जितने भी माफिया हैं, अखिलेश यादव उनके सरगना और सरदार हैं। मौर्य ने हरदोई के शाहाबाद में प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के पति एवं पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए दावा किया, 'माफिया जिस दिन समाजवादी पार्टी को छोड़ देंगे उस दिन समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी।' उन्होंने कहा, 'अपराधियों के खिलाफ, माफिया के खिलाफ, दंगाइयों के खिलाफ कार्यवाही होती है तो अखिलेश यादव विचलित हो जाते हैं, क्योंकि जिस दिन गुंडे अपराधी माफिया दंगाई सपा का साथ छोड़ देंगे उसी दिन सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी।' मौर्य ने दोहराया कि 'गुंडे, अपराधी, माफिया, भू माफिया, नकल माफिया जितने भी माफिया हैं, अखिलेश यादव उनके सरगना है सरदार हैं।' उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं निरीक्षण किया। मौर्य ने उप्र में विधानसभा की नौ सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर भरोसा जताते हुए कहा 'हमें पूरा विश्वास है कि यूपी के होने जा रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीतेगी।'

## लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सवारियों से भरी बस पलटी : चार घायल

**आगरा (उप्र) :** आगरा के डौकी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक बस के पलट जाने से चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसके अनुसार कई यात्री बस के शीशे तोडक़र बाहर निकले। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने भी यात्रियों को बस से बाहर निकलने में मदद की। पुलिस ने बताया कि बिसारना गांव के पास टायर पंचर होने पर चालक का बस पर नियंत्रण नहीं रहा और वह पलट गयी। थाना प्रभारी जयनारायण सिंह ने बताया कि इस हादसे में कुन्दन पांडे (लखनऊ निवासी), मोहम्मद अहमद (अयोध्या निवासी), रजनीश (आगरा निवासी) और मोहम्मद मुजाहिद (फैजाबाद निवासी) घायल हो गये जिन्हें फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं। यह बस दिल्ली से लखनऊ की ओर जा रही थी। बस में लगभग 50 लोग सवार थे।

## नीतीश कुमार ने डीजीपी से बिहार चुनाव से पहले 78,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आलोक राज को अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले 78,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। यहां आयोजित एक समारोह में कुमार ने कहा कि उनकी सरकार पुलिस बल की स्वीकृत संख्या को दोगुना करके 2.29 लाख करने की योजना बना रही है। इस कार्यक्रम में 1,239 नए भर्ती पुलिस अवर निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। सभा को संबोधित करते हुए कुमार ने बिहार के डीजीपी आलोक राज की ओर रुख किया और अपने खास अंदाज में हाथ जोड़कर कहा, 'मैं आपसे (डीजीपी) कह रहा हूं...आने वाले छह महीनों में 78,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करें। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव है...इसलिए, भर्ती छह महीने में पूरी होनी चाहिए।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'बिहार पुलिस में अभी 1.10 लाख जवान हैं, जिन्हें बढ़ाकर 2.29 लाख करना है। 21 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया जारी है तथा 20 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती के लिए औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। बाकी 78 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती आगामी छह माह में कर ली जाएगी।'

## बुलंदशहर में बड़ा हादसा: मरीज को लगाने के दौरान फटा ऑक्सीजन सिलिंडर, पांच की मौत, 16 लोग अभी भी दबे



**बुलंदशहर :** अस्पताल से घर लाने के बाद एक मरीज को ऑक्सीजन सिलिंडर लगाने के दौरान सिलिंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि दो मंजिला भवन का लिंटर गिर गया। हादसे में मकान मालिक और एक बच्ची समेत पांच की मौत हो गई। जबकि तीन घायलों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि मलबे में करीब 16 लोग अभी भी दबे हुए हैं। डीएम-एसएसपी के साथ एसडीएम-सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने एसडीआरएफ के साथ राहत बचाव कार्य शुरू कराया है। गुलावठी रोड स्थित आशापुरी कॉलोनी में राजुद्दीन रहते हैं। राजुद्दीन लिंटर में लगने वाली शटरिंग का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि राजुद्दीन की पत्नी रुखसाना की तबियत खराब चल रही थी, जिसके चलते वह निजी अस्पताल में भर्ती थी। सोमवार शाम को ही उन्हें अस्पताल से घर शिफ्ट किया गया था। बताया जा रहा है कि घर लाने के बाद रुखसाना को सांस लेने में समस्या होने लगी, जिसके चलते घर पर ही ऑक्सीजन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। सिलिंडर लगाने के दौरान अचानक सिलिंडर में विस्फोट हो गया। जिसके चलते पूरा दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। हादसे में राजुद्दीन के साथ उनकी पत्नी, बेटा सिराजु, शाहरुख, सोहना, आसमोहम्मद और सलमान, पुत्र वधू चांदनी, नसरीन, यासमीन, अंजुम के साथ सिराजु के पांच, शाहरुख के तीन, आसमोहम्मद के तीन, सोहना के दो, बेटी तमन्ना और उनके दो बच्चे भी दब गए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मलबे से राजुद्दीन और एक बच्ची को निकालकर अस्पताल में भर्ती किया है, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य 24 लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। एसडीएम-सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य तेजी से शुरू कराया है।

## न्यूज अपडेट

### करहल विधानसभा उपचुनाव में 'ऐतिहासिक जीत' हासिल करेगी सपा : अखिलेश



**मैनपुरी (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी करहल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में 'सफलता का नया इतिहास' रचेगी। करहल से पार्टी उम्मीदवार तेज प्रताप यादव के नामांकन दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से सपा प्रमुख ने कहा कि करहल तथा मैनपुरी के लोगों ने हमेशा सपा तथा उसके संस्थापक मुलायम सिंह यादव का समर्थन किया है और यह चुनाव भी अलग नहीं होगा। यादव ने कहा, 'करहल ने हमेशा समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। इस बार हमारा उम्मीदवार और भी बड़े अंतर से जीतेगा और पार्टी सफलता का नया इतिहास रचेगी।' उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनौती को खारिज करते हुए कहा कि पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करने वाला 'पीडीए परिवार' सपा की सफलता सुनिश्चित करेगा।

### बहराइच हिंसा : भाजपा विधायक ने अपनी पार्टी के नेता समेत सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी

**बहराइच, (उप्र) :** बहराइच जिले के महसी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश्वर सिंह ने जिले में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में दंगा और उपद्रव करने के आरोप में अपनी पार्टी की युवा शाखा के नगर अध्यक्ष समेत सात नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, महराजगंज हिंसा मामले में अब तक दर्ज यह 12वीं प्राथमिकी है। अधिकारियों के मुताबिक, विधायक सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बहराइच नगर के भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव, अनुज सिंह रैकवार, शुभम मिश्रा, कुशमेन्द्र चौधरी, मनीष चंद्र शुक्ल, पुंडरीक पांडेय और सुधांशु सिंह राणा के अलावा अज्ञात लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में 18 अक्टूबर को संबंधित धाराओं में प्राथमिकी की गई है।

### मथुरा में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा में सोमवार तड़के यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के अन्य वाहन से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) त्रिगुण बिसेन ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे राया क्षेत्र की है जब जब कार वाराणसी से दिल्ली जा रही थी। बिसेन ने बताया कि संदेह है कि संभवत: कार चालक को झपकी आ गई, जिसके कारण यह टक्कर हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में दिल्ली के स्वरूप नगर निवासी पंकज वर्मा, बिहार के दरभंगा जिले के निवासी भावेश यादव और बिहार के सारण जिले के निवासी रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि दो अन्य घायलों को अस्पताल ले जाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव भाजपा की 'साजिश' के तहत समय से पहले कराए जा रहे : कल्पना सोरेन

**गिरिडीह :** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य विधानसभा चुनाव समय से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'साजिश' के तहत कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मतदान समय में अंतर और मतदान पिछले चुनाव में पांच से घटाकर इस बार दो चरण में करवाए जाने पर भी सवाल उठाए। कल्पना ने गिरिडीह में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा निर्वाचन एजेंसियों पर अपना प्रभाव मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, 'राज्य में विधानसभा चुनाव समय से पहले कराए जा रहे हैं जबकि महाराष्ट्र में समय पर हो रहा है। झारखंड को अप्रत्याशित रूप से शामिल किया गया। दिलचस्प बात है कि चुनाव पारंपरिक रूप से पांच चरण में होते थे जो अब महज दो चरण में कराए जा रहे हैं, सभी भाजपा की साजिश के तहत हो रहा है।' कल्पना ने शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का समय एक घंटा कम करने के फैसले की भी आलोचना की।



## व्रत - त्यौहार

22.10.2024 : णामोकार 35 व्रत 8 उपवास (जैन)

24.10.2024 : अहोई अष्टमी व्रत, श्री राधा जयंती

28.10.2024 : रम्भा एकादशी व्रत सबका

## दिवाली पर गलती से भी न करें इन पांच चीजों का दान



हिंदू धर्म में दिवाली सबसे बड़े और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक हैं। इस साल देश में 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। दीप-ावली का पर्व दान और उदारता की भावना को बढ़ावा देता है। इस दिन लोग अपने प्रियजनों और रिश्तेदारों को उपहार व मिठाईयां देते हैं, जो लोगों के बीच प्रेम भाव को भी बढ़ाता है। हालांकि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनका दान दिवाली के मौके पर भूलकर भी नहीं करना चाहिए। दिवाली पर कोई भी चीज दान करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति और जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान जरूर रखना चाहिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि दीपावली के दिन हमें किन चीजों को दान नहीं करना चाहिए।

### दिवाली पर न करें इन चीजों को दान

**तेल और घी:** दिवाली के दिन इन चीजों को दान करने से बचना चाहिए। इस दिन आग को बढ़ावा देने वाली चीजों का दान अशुभ माना जाता है।

**नमक:** दिवाली के दिन नमक का दान नहीं करना चाहिए। यह रिश्तों में दरार पैदा करने की वजह बन सकता है।

**लोहे की वस्तुएं:** लोहे की वस्तुएं दुर्भाग्य और विपत्ति को आकर्षित करती हैं, इसलिए इन चीजों का भी दान नहीं करना चाहिए।

**काले रंग की वस्तुएं:** दिवाली के दिन काली वस्तुओं का भी दान न करें। यह नकारात्मकता और दुर्भाग्य को बढ़ावा देती हैं।

**टूटी हुई वस्तुएं:** टूटी हुई वस्तुएं असफलता और दुर्भाग्य को आकर्षित करती हैं। ऐसे में दिवाली के दिन इनका भी दान न करें।

### दिवाली पर करें इन चीजों का दान

**अनाज:** गरीब या जरूरतमंदों को अनाज का दान करें।

**कपड़े:** आप इस दिन कपड़ों का भी दान कर सकते हैं।

**फल:** स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए दिवाली के दिन फल दान करें।

**मिठाइयां:** मिठाइयों का दान करने से सुख-समृद्धि आती है।

**धन:** जरूरतमंदों को दिवाली के दिन आप धन भी दान कर सकते हैं।

## दिवाली कब मनाएं 31 अक्तूबर या 1 नवंबर? जानें क्या है लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त



इस वर्ष दीपावली की तारीख को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि आखिरकार दिवाली कब मनाई जाए। लगातार लोगों के मन में संशय बना हुआ कि इस बार दिवाली 31 अक्तूबर को मनाई जाए या फिर 01 नवंबर को। दिवाली की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति इसलिए बनी हुई है क्योंकि इस वर्ष कार्तिक अमावस्या की तिथि एक दिन के बजाय दो दिन पड़ रही है। दिवाली की डेट को लेकर आपके मन में चल रही दुविधा को दूर करने के लिए अनुभवी, विद्वान ज्योतिषाचार्यों और देशभर के प्रमुख ज्योतिष और संस्कृत संस्थानों से बात करके आपको जानकारी दे रहे हैं।

सनातन धर्म में वैदिक पंचांग के आधार पर तिथियों और व्रत-त्योहारों की गणनाएं की जाती हैं। पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर रौशनी का पर्व दीपावली मनाई जाती है,लेकिन इस बार अमावस्या तिथि दो दिन है जिसकी वजह से दिवाली की तारीख को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई। यानी कार्तिक अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर को भी और 01 नवंबर को भी है।

हिंदू धर्म में तिथियों का विशेष महत्व होता है और इनमें उदया तिथि का तो और भी महत्व होता है। हिंदू धर्म में व्रत-त्योहार उदया तिथि के आधार पर ही मनाया जाता है। उदया तिथि से मतलब दिन में सूर्योदय के समय जो तिथि होती है उसको ही महत्व दिया जाता है। इस तरह से कुछ लोग उदया तिथि को महत्व देते हुए दिवाली 01 नवंबर को मनाना ज्यादा अच्छा समझ रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का तर्क है कि दिवाली पर लक्ष्मी पूजा हमेशा प्रदोष काल से लेकर मध्य रात्रि के बीच में पड़ने वाली कार्तिक अमावस्या के दौरान मनाया जाता है, इसलिए दिवाली 31 अक्तूबर को ही मनाया जाना चाहिए। आइए इन दोनों तर्कों को ज्योतिष और मुहूर्त शास्त्र के नियमों की कसौटी में रख कर देखते हैं।

### क्या हैं वैदिक शास्त्र के नियम

शास्त्रों में दिवाली पर लक्ष्मी पूजन हमेशा अमावस्या तिथि के रहने पर और प्रदोष काल यानी सूर्यास्त के बाद से लेकर देर रात तक करने का विधान होता है यानी अमावस्या तिथि, प्रदोष काल और निशिताकाल के मुहूर्त में दीपावली मनाना शुभ माना गया है। इस कारण से ज्योतिष शास्त्र के ज्यादातर पंडितों और विद्वानों का मनाना है कि जिस दिन कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि रहें तो प्रदोष काल से लेकर आधी रात को लक्ष्मी पूजन करना और दीप-ावली मनाना ज्यादा शुभ व शास्त्र सम्मत रहता है।

दरअसल ऐसी धार्मिक मान्यता है कि मां लक्ष्मी का प्रादुर्भाव प्रदोष काल में ही हुआ था, जिसके चलते निशीथ काल में मां लक्ष्मी की पूजा और उनसे जुड़े सभी तरह की साधनाएं आदि करना विशेष महत्व का होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो जाएगी, जो 01 नवंबर की शाम तक रहेगी। इस तरह से दिवाली पर सभी तरह की वैदिक स्थितियां 31 अक्तूबर के दिन लागू रहेगी जबकि 01 नवंबर 2024 को अमावस्या तिथि सूर्योदय के दौरान रहेगी लेकिन समाप्ति शाम को 06 बजकर 16 मिनट पर हो जाएगी।

वहीं दूसरी ओर कुछ पंचांगों में अमावस्या तिथि की समाप्ति सूर्यास्त से पहले ही बताई जा रही है। व्रत-त्योहारों की तारीखों को लेकर ज्यादतर मामलों में उदया तिथि का विशेष महत्व दिया जाता है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में अन्य चीजों और मुहूर्तों को ध्यान में रखते हुए मिलने वाली तिथि का अधिक महत्व दिया जाता है। इस वजह से जिस रात्रि को प्रदोष काल से लेकर मध्य रात्रि के बीच व्याप्त रहने वाली अमावस्या तिथि को ध्यान में रखते हुए दिवाली का पर्व 31 अक्तूबर को ज्यादातर विद्वान और पंडित मनाने की सलाह दे रहे हैं। इस तरह के लक्ष्मी पूजन के साथ दिवाली 31 अक्तूबर को मनाएं।

### लक्ष्मी पूजा मुहूर्त 2024- 31 अक्तूबर

पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की प्रदोषव्यापिनी अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। 31 अक्तूबर को लक्ष्मी-गणेश पूजन के लिए पहला शुभ मुहूर्त प्रदोष काल में ही प्राप्त हो रहा है।

31 अक्तूबर को प्रदोष काल शाम 05 बजकर 36 मिनट लेकर 08 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। वहीं वृषभ लग्न (दिल्ली के समयानुसार) शाम 06 बजकर 25 मिनट से लेकर रात को 08 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। ऐसे में गृहस्थ लोग इस समय के दौरान लक्ष्मी पूजन करें।


### लक्ष्मी पूजा मुहूर्त (निशीथकाल) 2024- 31 अक्तूबर

तंत्र-मंत्र साधना और तांत्रिक क्रियाओं के लिए निशीथ काल में पूजा करना ज्यादा लाभकारी माना जाता है। 31 अक्तूबर को निशीथ काल में पूजा करने लिए शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 39 मिनट से लेकर 12 बजकर 31 मिनट तक रहेगा।

### स्थिर लग्न और प्रदोष काल में लक्ष्मी पूजन का महत्व

मां लक्ष्मी का प्रादुर्भाव प्रदोष काल में हुआ था और स्थिर लग्न में मां लक्ष्मी की पूजन करने से महालक्ष्मी स्थिर रहती हैं। ऐसे में दिवाली पर प्रदोष काल में पड़ने वाले वृषभ लग्न में ही महालक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन करना अति उत्तम रहेगा। पंचांग के अनुसार 31 अक्तूबर को वृषभ लग्न शाम को 6:25 से लेकर रात्रि 8:20 तक रहेगा। साथ ही इस समय प्रदोष काल भी मिल जाएगा। प्रदोषकाल, वृषभ लग्न और चौघड़ियां का ध्यान रखते हुए लक्ष्मी पूजन के लिए 31 अक्तूबर की शाम को 06:25 से लेकर 7:13 के बीच का समय सर्वोत्तम रहेगा। कुल मिलाकर 48 मिनट का यह मुहूर्त लक्ष्मी पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा।

## 24 अक्तूबर को हैं अहोई अष्टमी



अहोई अष्टमी का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की दीघार्यु, खुशहाली और तरक्की के लिए अहोई माता का व्रत रखती हैं। यह व्रत कठिन व्रतों में से एक है क्योंकि यह निर्जला रखा जाता है और रात को तारे निकलने के बाद ही तारों को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। इस बार अहोई अष्टमी का व्रत अक्तूबर महीने में पड़ रहा है। आइए जानते हैं व्रत की सही तिथि, पूजा मुहूर्त और विधि।

### अहोई अष्टमी 2024 में कब है

अहोई अष्टमी 24 अक्तूबर 2024 गुरुवार को है। अहोई अष्टमी का दिन अहोई आठें के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन माता अहोई के साथ साथ स्याही माता की उपासना भी की जाती है।

### अहोई अष्टमी 2024 मुहूर्त

कार्तिक कृष्ण अष्टमी तिथि शुरू – 24 अक्तूबर 2024, 01:08 ए.एम.
कार्तिक कृष्ण अष्टमी तिथि समाप्त – 25 अक्तूबर 2024, 01:58 ए.एम.
पूजा मुहूर्त – 24 अक्तूबर, सायं 05:42 से सायं 06:59 तक
तारों को देखने का समय – 24 अक्तूबर, सायं 06:06
चंद्र अर्घ्य – 24 अक्तूबर रात्रि 11:55

### अहोई अष्टमी पूजा विधि

- अहोई अष्टमी के दिन जो माताएं अपनी संतान के लिए व्रत रखती हैं वह सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत होकर मंदिर जाएं और व्रत का संकल्प लें।
- धूप, दीप अर्पित करें और फल-फूल चढ़ाएं। अक्षत रोली और दूध अर्पित करें।
- कुछ समुदाय के लोग चांदी की अहोई बनवाते हैं, जिसे स्याऊ कहते हैं और इसकी पूजा कर बाद में दो मोतियों के साथ धागे की मदद से गले में पेंडेंट के रूप में पहनते हैं।
- अहोई माता के साथ सेई की का ध्यान कर माता और सेई को हलवे के साथ सात घास का भोग अर्पित करें।
- पूजा के अंत में माता अहोई की आरती की जाती है।
- फिर तारों या चंद्रमा को करवा या कलश से अर्घ्य दिया जाता है।

### अहोई अष्टमी में लगाएं ये भोग

अहोई अष्टमी व्रत में आप अहोई माता को चावल की खीर, मालपुआ, गुलगुले, सिंघाड़े का फल, मूली, दूध, चावल, गेंहू के 7 दाने, मेवा, फल-फूल और जलेबी का भोग लगा सकते हैं।

# गांदेरबल में जान गंवाने वाले श्रमिकों की मौत का सुरक्षा बल बदला लेंगे : उप राज्यपाल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि सुरक्षा बल गांदेरबल में हुए क्रूर आतंकी हमले में जान गंवाने वाले श्रमिकों की मौत का बदला लेंगे और ऐसी कार्रवाई करेंगे जिसे आतंकवादी भविष्य में भी याद रखेंगे। सिन्हा ने मृतकों के लिए न्याय की जरूरत रेखांकित की तथा पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह क्षेत्र में शांति भंग करने के लिए अभी भी निर्दोष लोगों की हत्या करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। गांदेरबल जिले के गुंड में एक निर्माणाधीन सुरंग में हुए आतंकवादी हमले में कश्मीर के एक डॉक्टर और छह गैर-स्थानीय मजदूरों सहित सात लोगों की जान चली गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सिन्हा ने कहा, श्रमिकों के खिलाफ हुए क्रूर और बर्बर हमले का बदला लिया जाएगा। मैंने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सुरक्षा बलों से ऐसी कार्रवाई करने को कहा है जिसे आतंकवादी और उनके सहयोगी भविष्य में भी याद रखेंगे। इससे पहले एक समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा, हम कल के कायरतापूर्ण हमले को नहीं भूलेंगे। एलजी ने कहा, ''पड़ोसी देश से अभी भी खतरा बना हुआ है। यह अब भी इस क्षेत्र में निर्दोष लोगों को मारने और यहां शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और आतंकवाद निरोधी अभियानों में सुधार की जरूरत है।

### गांदरबल में आतंकी हमले के खिलाफ जम्मू में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन



आतंकी हमले में मारे गए डॉक्टर को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

जम्मू : जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में एक सुरंग के निर्माण स्थल पर हुए घातक आतंकी हमले में सात लोगों की मौत के एक दिन बाद शिवसेना डोगरा फ्रंट और राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हत्याओं के विरोध में जम्मू में पड़ोसी मुल्क के झंडे जलाए। प्रदर्शनकारियों ने लोगों के बीच विश्वास बहाल करने के लिए इस हमले में शामिल आतंकवादियों के जल्द से जल्द खात्मे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हमले के लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया कि यह जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव और निर्वाचित सरकार के गठन के बाद आतंकवादियों के बीच हताशा का नतीजा है।

## प्रियंका 23 अक्टूबर को करेंगी नामांकन, सोनिया, खरगे और राहुल रहेंगे मौजूद

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा बुधवार (23 अक्टूबर) को वायनाड संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगी और इस मौके पर पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नामांकन से पहले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रोडशो करेंगे। प्रियंका गांधी के नामांकन दाखिल करने के मौके पर सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इस मौके पर मौजूद रहेंगे। वायनाड से निर्वाचित होने पर प्रियंका पहली बार किसी सदन की सदस्य बनेंगी। वह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं। लोकसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद, जून में कांग्रेस ने घोषणा की थी कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली संसदीय क्षेत्र रखेंगे और केरल की वायनाड सीट खाली कर देंगे, जहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनावी पारी की शुरुआत करेंगी।

## वांगचुक ने अनशन समाप्त किया; गृह मंत्रालय तीन दिसंबर को लद्दाख के समूहों के साथ वार्ता शुरू करेगा

**नयी दिल्ली :** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत अन्य ने सोमवार को अपना अनशन समाप्त कर दिया। गृह मंत्रालय ने उन्हें आश्वासन दिया कि लद्दाख की मांगों पर बातचीत दिसंबर में फिर से शुरू की जाएगी। मंत्रालय में संयुक्त सचिव (जम्मू कश्मीर और लद्दाख) प्रशांत लोखंडे ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें गृह मंत्रालय का एक पत्र सौंपा। कार्यकर्ता छह अक्टूबर से दिल्ली के लद्दाख भवन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे। पत्र में कहा गया कि लद्दाख के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रही मंत्रालय की उच्चाधिकार प्राप्त समिति अगली बैठक तीन दिसंबर को करेगी। इसके बाद वांगचुक और उनके समर्थकों ने अपना अनशन तोड़ने का फैसला किया।



## हिमाचल मस्जिद विवाद: वक्फ बोर्ड से अनुमति के बाद तीन मंजिलों को गिराने का काम शुरू

**शिमला :** शिमला में विवादित संजौली मस्जिद की तीन अनधिकृत मंजिलों को गिराने का काम सोमवार को शुरू हो गया। मस्जिद की प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुहम्मद लतीफ ने बताया कि वक्फ बोर्ड की अनुमति के बाद यह कदम उठाया गया है। लतीफ ने सोमवार शाम 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद की छत को हटाने के साथ ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। उन्होंने कहा, ''वक्फ बोर्ड ने हमें अनुमति दे दी, जिसके बाद मजदूरों को बुलाया गया और आज छत हटाने का काम शुरू हो गया।'' लतीफ ने संवाददाताओं को बताया कि निगम आयुक्त (एमसी) अदालत का पांच अक्टूबर का आदेश प्राप्त होने के बाद इसकी सूचना वक्फ बोर्ड को दे दी गई। एमसी अदालत के आदेश में वक्फ बोर्ड और संजौली मस्जिद समिति के अध्यक्ष को पांच मंजिला विवादित ढांचे की तीन मंजिलों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया था।



## हम ब्रिक्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण: भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को कहा कि वह ब्रिक्स के लिए महत्वपूर्ण है और उसके योगदान ने आर्थिक विकास एवं वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में समूह के प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के शहर कज़ान की यात्रा से एक दिन पहले आई है। मिस्री ने कहा, ''भारत ब्रिक्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके योगदान ने आर्थिक विकास, सतत विकास और वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स के प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'' पिछले वर्ष विस्तार के बाद यह समूह का पहला शिखर सम्मेलन होगा। शिखर सम्मेलन मंगलवार को शुरू होगा और विचार-विमर्श का मुख्य दिन बुधवार होगा। मिस्री ने कहा, ''हम ब्रिक्स के भीतर अपनी भागीदारी और गतिविधियों को बहुत महत्व देते हैं, क्योंकि हम इसे वैश्विक बहुध्रुवीयता की प्रमुख अभिव्यक्ति के रूप में देखते हैं।'' विदेश सचिव ने कहा कि यह समूह वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी कार्य करता है, साथ ही एक अधिक निष्पक्ष, अधिक विशिष्ट और खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में भी योगदान देता है।

## गुजरात : दो किलोग्राम मेफेड्रोन, 427 किलोग्राम अन्य संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त, चार गिरफ्तार

**भरूच/सूरत :** गुजरात के भरूच और सूरत जिले में पुलिस ने अलग-अलग अभियान चलाकर दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन और 427 किलोग्राम अन्य संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया जबकि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि रविवार शाम सूरत के वेलांजा गांव के पास चार पहिया एक वाहन से दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन जब्त की गई, जिसके बाद इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की एक अन्य टीम ने रविवार रात को अंकलेश्वर जीआईडीसी स्थित 'अवसर एंटरप्राइज' की इकाई पर छापेमारी की और संदिग्ध मादक पदार्थ की 427 किलोग्राम खेप जब्त की। इसके बाद इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। सूरत पुलिस की अपराध शाखा की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक बरामद किए गए मादक पदार्थ को पुष्टि के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि भरूच और सूरत जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग अभियान चलाकर दो करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त किए और इस सिलसिले में स्वापक औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) की संबंधित धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। सूरत पुलिस ने विज्ञप्ति में कहा, ''सूरत पुलिस की अपराध शाखा को रविवार को सूचना मिली कि विशाल पटेल अंकलेश्वर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 'अवसर एंटरप्राइज' नामक फैक्टरी में मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ का निर्माण किया जा रहा है।

## आतंकवाद, घुसपैठ, धार्मिक तनाव भड़काने के प्रयासों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भले ही जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र और नक्सल प्रभावित इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली गई है लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश निश्चित रूप से 2047 तक पूरी तरह विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा, ''पिछले 10 वर्ष में हमारे सुरक्षा बलों की निष्ठा और कार्यकुशलता के चलते जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वामपंथी नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली गयी है। हालांकि, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है।'' उन्होंने कहा, ''हम ड्रोन, मादक पदार्थों के व्यापार, साइबर अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से अशांति फैलाने के प्रयास, धार्मिक भावनाओं को भड़काने की साजिश, घुसपैठ, अवैध हथियारों की तस्करी और आतंकवाद जैसे उभरते खतरों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे, जो वर्तमान में हमारे सामने आने वाली चुनौतियां हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से देश की सुरक्षा के लिए 36,438 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, जिनमें से 216 बलिदान पिछले वर्ष दिए गए। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में उनके बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। शाह ने कहा, ''मैं शहीदों के परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।




## भारत का बहुत खास मित्र है भूटान : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भूटान को ''भारत का बहुत खास मित्र'' बताया और कहा कि आने वाले समय में दोनों देशों के बीच सहयोग और भी बेहतर होगा। मोदी ने यह टिप्पणी भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ एक बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की। तोबगे ने कहा, ''अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलकर मुझे हमेशा खुशी होती है। भारत सरकार और भारत के लोगों के प्रति उनकी सद्भावना और दृढ़ सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। हमने मित्रता के अपने विशेष बंधन को और अधिक मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी।'' मोदी ने जवाब दिया, ''प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, आज सुबह दिल्ली में आपसे मिलकर प्रसन्नता हुई। भूटान भारत का बहुत खास मित्र है और आने वाले समय में हमारा सहयोग और भी बेहतर होता रहेगा।''

### भारत में जितना कम प्रदूषण होगा, हमें उतना ही कम झेलना पड़ेगा : भूटानी प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली :** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने सोमवार को कहा कि अगर भारत में प्रदूषण का स्तर कम होगा, तो उनके देश को भी कम प्रदूषण झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत एक उन्नत राष्ट्र बनने के साथ ही उनके देश के लिए भी स्वच्छ हवा सुनिश्चित करेगा। तोबगे ने कहा, भारत में जितना कम प्रदूषण होगा, हमें (भूटान को) उतना ही कम प्रदूषण झेलना पड़ेगा, क्योंकि हमारी अधिकांश हवा, वास्तव में सारी हवा, भारत से होकर बहती है... भारतीय उपमहाद्वीप से भूटान में। और हां, हम न केवल जलवायु परिवर्तन, बल्कि प्रदूषण का भी खामियाजा भुगत रहे हैं। एनडीटीवी विश्व शिखर सम्मेलन के एक सत्र में भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा, मैं कई कारणों से भारत को एक उन्नत राष्ट्र बनते देखने की जल्दबाजी में हूं। जब आप (भारत) उन्नत हो जाएंगे, तो वायु प्रदूषण अपने आप कम हो जाएगा और हम स्वच्छ हवा का आनंद ले सकेंगे...।

### मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज वड़ोदरा में टीएएसएल-एयरबस कारखाने का उद्घाटन करेंगे

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज 28 अक्टूबर को वड़ोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल)-एयरबस कारखाने का उद्घाटन करेंगे और एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। गुजरात सरकार की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, परिवहन विमान सी-295 के विनिर्माण संयंत्र की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2022 में रखी थी। इसमें कहा गया कि अगले सोमवार को मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री सांचेज इसका उद्घाटन करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, ''सांचेज के साथ मोदी वड़ोदरा में महत्वाकांक्षी एयरबस परियोजना का उद्घाटन करेंगे। 'मेक इन इंडिया' के तहत यह पहल देश में विमानों के विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### विमानों में बम रखे होने की धमकियों से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है सरकार: नायडू

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकियों की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'उड़ान-निषिद्ध' सूची में डालना शामिल है। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों की करीब 100 उड़ानों में बम रखे होने की धमकियां मिली हैं। नायडू ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और 'नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982' में संशोधन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) विमानों में बम रखे होने की धमकियां मिलने के मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय से संपर्क बनाए हुए है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 15 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**नयी दिल्ली :** सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर एक महिला यात्री से 15 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का उन्नत किस्म का गांजा जब्त किया है। विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''रविवार को बैंकॉक से दिल्ली होते हुए पेरिस जा रही एक महिला यात्री के सामान को एक विशेष सूचना के आधार पर कस्टम्स स्कैनिंग मशीन के पास लाया गया। बैग को स्कैन करने पर अधिकारियों ने उसमें ''कुछ नशीला पदार्थ देखा/पता लगाया।''

### 'हिंदुत्व' शब्द की जगह 'भारतीय संविधानित्व' शब्द करने के अनुरोध वाली जनहित याचिका खारिज

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें 'हिंदुत्व' शब्द की जगह 'भारतीय संविधानित्व' शब्द करने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मुद्दे पर जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा, ''यह पूरी तरह प्रक्रिया का दुरुपयोग है।'' दिल्ली के विकासपुरी निवासी एस एन कुंद्रा ने यह जनहित याचिका दायर की थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''नहीं श्रीमान, हम इस पर विचार नहीं करेंगे।''

### बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में चार आरोपियों की पुलिस हिरासत 25 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में सोमवार को चार आरोपियों की पुलिस हिरासत 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी। राज्य के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता सिद्दीकी को 12 अक्टूबर को रात करीब 9:30 बजे बांद्रा के निर्मल नगर इलाके में गोली मार दी गई थी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कुछ समय बाद पास के लीलावती अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश के धर्मराज कश्यप (21), हरीश कुमार निषाद (26) और पुणे के प्रवीण लोनकर (30) को सोमवार को उनकी प्रारंभिक रिमांड की अवधि समाप्त होने पर अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) वी आर पाटिल के समक्ष पेश किया गया।

### कोच्चि हवाई अड्डे पर यात्री ने दी बम की झूठी धमकी, हिरासत में लिया गया

**कोच्चि :** कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को एक यात्री को बम की धमकी देने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। बाद में यह धमकी अफवाह निकली। हवाई अड्डा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर में विस्तारा कंपनी के एक विमान को यह धमकी मिली। उन्होंने बताया कि आरोपी यात्री मुंबई जा रहा था।

## पुरी और सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा भीषण चक्रवाती तूफान: आईएमडी

**भुवनेश्वर :** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र सोमवार को और मजबूत हो गया और 23 अक्टूबर तक इसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है जो ओडिशा के पुरी तथा पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप के बीच से गुजरेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने नवीनतम संदेश में कहा है: ... मौसम की यह प्रणाली अपनी गति जारी रखते हुए 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर की सुबह के समय एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के तटों को पार कर सकती है, जिसकी हवा की गति 100-110 किमी प्रति घंटा से लेकर 120 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ गया है तथा सोमवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे यह बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य क्षेत्र के ऊपर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र के रूप में स्थित था। आईएमडी ने कहा, इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 22 अक्टूबर की सुबह तक दबाव के क्षेत्र में तब्दील होने तथा 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की पूरी संभावना है। इसके बाद, इसके उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों के पास उत्तरपश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की पूरी आशंका है। आईएमडी ने मछुआरों को सोमवार शाम तक किनारे पर लौट आने और 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने रविवार को कहा कि चक्रवाती तूफान का सबसे ज़्यादा असर ओडिशा पर पड़ने की संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### निर्वाचन आयोग ने अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी नियुक्त किया

**नयी दिल्ली/रांची :** निर्वाचन आयोग ने झारखंड कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को सोमवार को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयोग ने अनुराग गुप्ता को झारखंड के कार्यवाहक डीजीपी पद से हटाने के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया है। सिंह 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी (आईपीएस) हैं। उन्हें तीन आईपीएस अधिकारियों के पैनल में से चुना गया, जिनके नामों की सिफारिश राज्य सरकार ने की थी। पिछले चुनावों में चुनाव-संबंधी कदाचार में संलिप्तता के आरोपों के कारण निर्वाचन आयोग ने कार्यवाहक डीजीपी अनुराग गुप्ता को शनिवार को उनके पद से हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने ये तीन नाम भेजे थे।

### यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से सितम्बर माह में 83 हजार से अधिक टिकट बुक 90 लाख रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ

**जबलपुर,समाज्ञा :** रेलवे में यात्रियों को डिजिटल तकनीक से मोबाइल टिकटिंग की सुविधा को और विस्तारित किय जा रहा है। इसी कड़ी में यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप माह सितम्बर 2024 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 83 हज़ार 91 टिकटों से 5 लाख 62 हजार 360 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 90 लाख 31 हजार 790 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। स्टेशनों पर लंबी लाइन से बचने के लिए रेलवे द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप्प सर्विस शुरू की गई। पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है। यात्रियों के बीच इस एप्प की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ अनारक्षित टिकट लेने के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई है।

### गांदरबल आतंकी हमला : व्यापक तलाशी अभियान शुरू, एनआईए ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किये

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल में एक निर्माणाधीन सुरंग में हुए आतंकवादी हमले के एक दिन बाद सुरक्षा बलों ने सोमवार को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। साथ ही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किये हैं। गांदरबल जिले के गुंड में रविवार को एक निर्माणाधीन सुरंग में हुए आतंकवादी हमले में कश्मीर के एक डॉक्टर एवं छह प्रवासी मजदूरों समेत सात लोगों की जान चली गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि सेना, सीआरपीएफ और पुलिस के जवान कश्मीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए सबसे घातक हमलों में शामिल आतंकवादियों और उनके सहयोगियों का पता लगाने के लिए निर्माण स्थल के आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चला रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''अभी तक गिरफ्तारी के मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है, लेकिन हमें कुछ सुराग मिलने की उम्मीद है, जिससे हम हमले में संलिप्त आतंकवादियों तक पहुंच सकेंगे।

### कोर द्वारा स्वच्छता जागरूक्ता हेतु नुक्कड़ नाट्य का आयोजन

**प्रयागराज :** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने स्वच्छता पखवाड़ा के विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत श्री यतेंद्र कुमार-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को कोर कार्यालय के प्रांगण में स्वच्छता सम्बन्धी जागरुकता को बढ़ावा देने हेतु नुक्कड़ नाट्य का आयोजन, नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान प्रयागराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आर. एन. सिंह-प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजी./प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, नरेंद्र सिंह-प्रमुख मुख्य इंजीनियर, कल्याण सिंह-उप महाप्रबंधक एवं विमल कुमार जनसम्पर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य प्रशासनिक अधिकारी महोदय ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुये आव्हान किया कि मुख्यालय परिसर को स्वच्छ रखने में सभी अपना सहयोग प्रदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी प्रेरणा दें ताकि भारत सरकार के स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन कल्याण सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने दिया।

## वक्फ संबंधी समिति की बैठक में नोकझोंक, अल्पसंख्यक मंत्रालय ने दी प्रस्तुति

**नयी दिल्ली :** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सोमवार को संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के सवालों के जवाब दिए और विस्तृत प्रस्तुति दी, जिस दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने तर्क दिया नए कानून को लेकर मंत्रालय से वर्षों से कभी भी परामर्श नहीं किया गया। वर्ष 1976 में संविधान में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को शामिल करने को चुनौती के लिए उच्चतम न्यायालय में दायर याचिकाओं का असर भी बैठक पर पड़ा क्योंकि विपक्षी सांसदों द्वारा कुछ वकीलों से बयान लेने के समिति के फैसले पर सवाल उठाने के बाद नोकझोंक भी हुई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने कहा कि किसी भी प्रस्तावित कानून में सभी भारतीय हितधारक जुड़े हैं और समिति अपने विवेक से किसी को भी मूल्यवान सुझाव देने के लिए बुला सकती है जिसे वह उचित समझे। उन्होंने दावा किया कि वक्फ कानून ने बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय से इतर लोगों को को प्रभावित किया है। याचिका दायर करने वालों में भाजपा सदस्य अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय और विष्णु शंकर जैन शामिल हैं। वे पिछले सप्ताह भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति के सामने पेश हुए थे। मंत्रालय की प्रस्तुति के दौरान, कुछ सांसदों ने दावा किया कि वक्फ अधिनियम में संशोधन के निर्णय के लिए परामर्श के मिनटों में मौजूदा क़ानून को खत्म करने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। कुछ विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि मंत्रालय ने पिछले साल नवंबर में इस मुद्दे पर अपनी आखिरी बैठक में अधिनियम से उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी उपाय सुझाए थे।

